# नवप्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, बुधवार 6 अक्टूबर 2021, शुक्ल पक्ष-अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-235 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित


# लखनऊ एयरपोर्ट पर रोका तो धरने पर बैठे भूपेश

## 5 घंटे बाद वापस दिल्ली पहुंचे

■ **पीएम मोदी और सीएम योगी हैं किसान विरोधी : सीएम भूपेश**

**लखनऊ/रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और यूपी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक भूपेश बघेल को लखनऊ एयरपोर्ट से बाहर निकलने की भी इजाजत नहीं मिली। एयरपोर्ट के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान भूपेश बघेल लाउंज के जमीन पर ही बैठ गए। एयरपोर्ट के जमीन पर ही 5 घंटे बिताने के बाद सीएम बघेल वापस दिल्ली पहुंचे।

दरअसल, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### आज हो सकती है वापसी

मुख्यमंत्री बघेल को लखनऊ एयरपोर्ट से बाहर नहीं निकलने दिया गया। पांच घंटे तक धरने में बैठने के बाद शाम 5 बजे मुख्यमंत्री विशेष विमान से लखनऊ से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मंगलवार को वे दिल्ली में ही रात्रि विश्राम करेंगे। बुधवार को सीएम भूपेश रायपुर आ सकते हैं।

### एयरपोर्ट पर ही धरने पर बैठे बघेल

वहीं मंगलवार दोपहर 12:00 बजे के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पर्यवेक्षक भूपेश बघेल दिल्ली से लखनऊ के लिए उड़ान भरी। दिल्ली से निकलने के पहले उन्होंने कहा कि किसानों के साथ न्याय होकर ही रहेगा। जिसे उन्होंने ट्वीटर पर साझा भी किया गया। इधर भूपेश बघेल जब लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंचे तब उन्हें एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारियों ने बाहर निकलने से रोक दिया। भूपेश बघेल ने सुरक्षा अधिकारियों से रोके जाने का कारण पूछा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला और न ही उनके पास कोई लिखित आदेश की कॉपी मिली। इस दौरान ष्टरूबघेल ने सुरक्षा अधिकारीयों से कहा कि धरा 144 लखीमपुर में लगी है न की लखनऊ में। उन्होने ये भी कहा कि मैं लखीमपुर नहीं बल्कि प्रदेश कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### पीएम और सीएम पर बरसे भूपेश

करीब दो घंटे बाद सीएम बघेल ने एयरपोर्ट से ही पत्रकारों से वर्चुअल चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी को सत्ता के नशे में चूर होकर जनता को कीड़े-मकोड़े की तरह कुचलने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन को भाजपा बर्दाश्त नहीं कर पा रही है इसलिए इस तरह की दमनकारी नीति अपदना रही है। सीएम बघेल ने कहा कि मैं जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन से अनुरोध कर रहा हूं, जिन बड़े नेताओं को गिरफ्तार किया गया, उनसे तो मिलने दिया जाए। प्रियंका गांधी समेत कई बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है, उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है। उनसे मिलने में सरकार को क्या तकलीफहो रही है।

### प्रियंका गांधी गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच के लिए 6 सदस्यीय (एसआईटी) का गठन किया गया है। देर शाम यूपी सरकार ने जांच टीम की घोषणा की। इधर, हिंसा में मारे गए किसानों के परिवारों से मिलने पहुंचीं प्रियंका गांधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें सीतापुर स्थित पीएसी के गेस्ट हाउस में 30 घंटे हिरासत में रखने के बाद गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन और शांति भंग की आशंका जैसी धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### डीजीपी से की मांग

भाजपा सांसद वरुण गांधी ने मंगलवार को लखीमपुर खीरी हिंसा से जुड़े एक वीडियो को ट्विटर पर शेयर किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी को यह वीडियो टैग करके पुलिस से दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। वरुण गांधी ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### केंद्रीय राज्य मंत्री ने दी सफाई

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा है कि उन्हें नहीं पता कि लखीमपुर की घटना कैसे हुई। जो वीडियो और फोटो सामने आए हैं उनमें दिख रहा है कि कार से निकालकार ड्राइवर की हत्या कर दी गई। अगर वहां मेरा बेटा होता तो वह मारा जाता, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### नहीं हुआ किसानों का अंतिम संस्कार

लखीमपुर खीरी में रविवार को हुई हिंसा में 9 लोगों की मौत हो गई थी। मारे गए 4 किसानों में से 2 बहराइच के थे। सोमवार देर शाम पोस्टमार्टम के बाद किसानों के शव बहराइच पहुंच गए थे। एक किसान दलजीत सिंह का अंतिम संस्कार मंगलवार देर शाम कर दिया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

---

### आज बेबाक

अब तक तो सब यही मान कर चल रहे थे कि- न बीबी न बच्चा न बाप बड़ा न भैया, सबसे बड़ा रूपैया... लेकिन कभी कभी पैसा नहीं बोलता। ऐसे में यह डायलॉग बेमानी हो जाता है कि- पैसा खुदा नहीं लेकिन खुदा से कम भी नहीं। शाहरूख खान के बेटे आर्यन खान को जल्द रिहा कराने के लिए सबसे महंगा वकील लगाया गया है लेकिन बात नहीं बन पाई। आर्यन खान की कस्टडी एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई। यदि एक सप्ताह बाद भी उसकी जमानत नहीं हुई तो शर्तिया लोगों का विश्वास पैसे की ताकत से उठ जाएगा।

**सूर्योदय**

उदय : 6:24 प्रात:

अस्त : 6:05 संध्या

**जनसंख्या**

विश्व : 7,897,736,620

भारत: 1,397,395,590

**बाजार**

संसेक्स : 59744.88

निफ्टी: 17822.30

गोल्ड : 45,680 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 60,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.30 प्रति नग

**दिवस**

**आज विश्व पर्यावास दिवस:** संयुक्त राष्ट्र ने 6 अक्टूबर 1986 को पहली बार विश्व पर्यावास दिवस मनाया। संयुक्त राष्ट्र ने इस वर्ष विश्व पर्यावास दिवस का विषय-हरित व ऊर्जा कुशल नगरों के अनगिनत लाभ रखा है। विश्व पर्यावास दिवस अभियान का उद्देश्य मलिन बस्तियों में जीवन को पहचान करना और मौजूदा मलिन बस्तियों और झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों के रहने की स्थिति की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु आवाज उठाना है।

---

### छग के स्कूलों में 60 दिनों की अवकाश की घोषणा, आदेश जारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य सरकार ने 2021-2022 शैक्षणिक सत्र के लिए 60 दिन के अवकाश की घोषणा की है। इसमें दशहरा, दीवाली, ग्रीष्मकालीन छुट्टियां शामिल हैं। लोक शिक्षण संचलनालय के आयुक्त ने निर्देश जारी कर दिया है।

देशहरा अवकाश -दिनांक 13/10/2021 से 10/10/2021 तक कुल 4 दिन, दीपावली अवकाश दिनांक 2/1/2021 से 06/11/2021 तक कुल 5 दिन, शीतकालीन अवकाश दिनांक 24/12/2021 से 28/12/2021 तक कुल 5 दिन, ग्रीष्मकालीन अवकाश -दिनांक 01/05/2022 से 15/06/2022 तक कुल 46 दिन।

# कबीर की नगरी में मचा कोलाहल, सांप्रदायिक दंगे से अशांत हुआ शहर

## पुलिस ने जमकर भांजी लाठियां, लोग हुए घायल

**कवर्धा (नवप्रदेश)।** कवर्धा में मंगलवार को दिनभर कोहराम मचा रहा। दो दिन पहले झंडा लगाने से शुरू हुए बवाल के बाद मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर लाठियां और डंडे लेकर निकल आए। घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। शहर की कई बस्तियों में हंगामा चलता रहा। बवाल बढ़ता देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर

दिया। इससे कई लोग घायल हो गए। वहीं हिंदू संगठनों ने कवर्धा-जबलपुर नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। उपद्रव के बाद जिला प्रशासन ने जिले में कर्फ्यू लगा दिया है।

विश्व हिंदू परिषद के बुलाए बंद को देखते हुए जिले के सभी बाजार और दुकानें बंद थीं। इसी दौरान बड़ी संख्या में लोग हाथों में डंडा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### पूरे शहर में कर्फ्यू, हेल्प लाइन नंबर जारी

जिला प्रशासन द्वारा आगामी आदेश तक पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। लोगों को अपने घरों से नहीं निकलने की अपील प्रशासन ने की है। शहर में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शहर में कोई व्यक्ति किसी स्थान पर फंसा हुआ है या कहीं पर किसी प्रकार की दुर्घटना घट रही है उसकी जानकारी तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 9479192499 में सूचित करने कहा गया है ताकि समय रहते आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके।

### संतों की नगरी में अशांति का माहौल

कबीरधाम को धर्म नगरी के नाम से जाना जाता है लेकिन इन दिनों धर्म नगरी में अशांति का माहौल पूरी तरह से फैल चुका है, लोगों में भय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि आज सुबह जहां भगवा ध्वज का झंडा विंध्यवासिनी मंदिर चौक में लगाया गया था उसे पुन: निकाल दिया गया है। ऐसा वीडियो देर रात तक सोशल मीडिया में चलता रहा। फिलहाल यह मामला शांत होते नजर नहीं आ रहा है। अभी भी शहर में पूर्ण रूप से अशांति की स्थिति निर्मित बनी है।

> हमारी आस्था के प्रतीक भगवा ध्वज के अपमान और कांग्रेस सरकार की उदासीनता एवं कुनीति के खिलाफ आज कवर्धा में धरना प्रदर्शन में शामिल हुआ। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार आने के बाद से धर्मान्तरण बढ़ रहें हैं व हमारी आस्था का लगातार अपमान हो रहा है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस गंभीर मामले में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।
>
> **संतोष पाण्डेय, सांसद**

---

### कर्नाटक में दूषित पानी पीने से 6 की मौत

**बेंगलुरू (ए.)।** कर्नाटक के विजयनगर में दूषित पानी पीने से छह लोगों की मौत हो गई और कई बीमार हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मामले का स्वत: संज्ञान लिया है और घटना को लेकर जांच के आदेश दिए हैं।

कर्नाटक के विजयनगर जिले के मकरब्बी गांव में हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां दूषित पानी पीने से 6 लोग काल के ग्रास में समा गए। जबकि कई लोग बीमार बताए जा रहे हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस घटना को लेकर लोगों में गुस्सा है।

### सभी तीर्थ यात्री कर सकेंगे दर्शन

## हाईकोर्ट ने बद्रीनाथ-केदारनाथ सहित चारधाम पर रोक हटाई



**देहरादून (ए.)।** हाइकोर्ट नैनीताल ने बदरीनाथ-केदारनाथ सहित चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाए जाने के मामले को लेकर दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। हाइकोर्ट ने चारों धाम में श्रद्धालुओं की निर्धारित संख्या से रोक हटा दी है। अब तीर्थ यात्री बेरोकटोक चारधाम यात्रा के लिए जा सकेंगे। साथ ही हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि शासन को कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करवाना होगा। कोर्ट के इस आदेश से सरकार सहित दूसरे प्रदेशों से आने वाले तीर्थ यात्रियों, चारधाम यात्रा रूट पर होटलों, दुकानदारों आदि स्थानीय लोगों को भी बड़ी राहत मिली है।

मुख्य न्यायमूर्ति आरएस चौहान व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर व मुख्य स्थाई अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत ने उत्तराखंड सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि चारधाम यात्रा शुरू करने के लिए तीर्थ यात्रियों की सख्यां को निर्धारित किया गया था। साथ ही, तीर्थ यात्रियों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### गुजरात दंगे में पीएम मोदी को क्लीन चिट के खिलाफ अर्जी पर 26 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** साल 2002 में हुए गुजरात दंगे से जुड़े मामलों में पीएम नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने के खिलाफजाकिया जाफरी की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। जाकिया जाफरी कांग्रेस के दिवंगत नेता एहसान जाफरी की पत्नी हैं। गुजरात दंगों के समय नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे।

जस्टिस ए.एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यों की पीठ ने कहा कि मामले की सुनवाई को 26 अक्टूबर तक के लिए टाला जा रहा है। हालांकि, पीठ ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि सुनवाई को इसके बाद टाला नहीं जाएगा। बता दें कि इससे पहले अप्रैल में भी जाकिया जाफरी ने सुनवाई को टालने की मांग की थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया था।

कोर्ट में जाकिया जाफरी की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे थे। कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा कि केस की सुनवाई के लिए ज्यादा समय नहीं मिल पाया क्योंकि यह अचानक अधिसूचित कर दिया गया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल की इस बात को खारिज किया और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### जनसंपर्क की कमान काबरा के हाथों

नवप्रदेश संवाददाता

**रायपुर।** मंगलवार को सामान्य प्रशासन विकास विभाग ने छत्तीसगढ़ के चार आईएएस, एक आईपीएस और एक राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के कामकाज में फेरबदल किया है। राज्य सरकार ने 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी दीपांशु काबरा को जनसंपर्क आयुक्त बनाया है। आईपीएस काबरा वर्तमान में परिवहन विभाग के अपर आयुक्त हैं। ये जवाबदारी उनकी यथावत रहेगी। छत्तीसगढ़ में यह पहला मौका है। जब किसी आईपीएस को जनसंपर्क का जिम्मा दिया गया है। वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सौमिल चौबे को जनसंपर्क विभाग में डीपीआर बनाया की जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में उनके पास सूडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी की जवाबदारी है। इसके साथ ही शासन ने पूर्व आईएएस डीडी सिंह को संविदा के तहत बड़ी जिम्मेदारी मिली है। डीडी सिंह को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया है। प्रदेश में पहली बार किसी आदिवासी चेहरे को सीएम सचिवालय में एंट्री मिली है। सिंह इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग भी देखेंगे। वहीं 2003 बैच के आईएएस सिद्धार्थ कोमल परदेशी को जनसंपर्क सचिव की जिम्मेदारी दी है। उनके पास मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव के साथ-साथ पीडब्ल्यूडी, खनिज की जिम्मेदारी पहले से है। वहीं 2006 बैच के आईएएस एस भारतीदासन को आयुक्त सह संचालक जनसंपर्क के दायित्व से मुक्त किया गया है। उनके पास विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय कृषि विभाग के अंतर्गत उद्यानिकी, मत्स्य पालन, दुग्ध पालन, गोठान, नरवा गरुवा, घुरुवा बाड़ी के नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी बनी रहेगी। जबकि तुलिका प्रजापति को कृषि विभाग में उप सचिव बनाया गया है।

---

**दौरा** | **केंद्रीय ग्रांट नहीं मिल रहा, ये बोलकर गरीबों के साथ अन्याय कर रही राज्य सरकार**

# वित्तमंत्री ने लगाया छत्तीसगढ़ सरकार पर गंभीर आरोप

**रायपुर/नवप्रदेश।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंची। एयरपोर्ट पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक समेत वरिष्ठ नेताओं ने केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। इस दौरान करीब सैकड़ों गाडियों की संख्या में के साथ भाजयुमो के द्वारा बाइक रैली निकाली गई।

प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में मीडिया से मुखातिब होते हुए निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं बीजेपी के कार्यकर्ता के रूप में छत्तीसगढ़ आई हूं। आज दिनभर मैं रायपुर में सेवा के कार्यक्रमों में रहूंगी। भाजपा की प्रदेश इकाई ने मुझे आमंत्रण दिया है। वे बोलीं कि यहां आकर अच्छा लग रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं से अच्छा वेलकम मुझे मिला है। यहां अच्छी बारिश भी हुई है।

वित्तमंत्री ने राज्य सरकार पर कई संगीन आरोप लगाए है। निर्मला सीतारमण ने कहा- कांग्रेस के दिमाग से कभी भी लूट वाली लाइन खत्म ही नहीं होती। लूटने का काम कांग्रेस ही करती आई है। स्पेक्ट्रम में लूट, खनन में लूट, लूट उनके डीएनए में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2014 से अब तक विकास को प्राथमिकता दिया। उनका नारा सबका साथ-सबका विकास के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। मोदी सरकार आर्थिक व्यवस्था में सुधार के रास्ते आगे बढ़ रही है। लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है।

**पीएम मुद्रा योजना से सीजी के 6 लाख से अधिक लोगों को मिला लाभ :** निर्मला सीतारमण केंद्र सरकार और अपने मंत्रालय के काम गिनाते हुए बताया कि पीएम मुद्रा योजना में छत्तीसगढ़ के 6 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### केंद्र ने बिना ब्याज छत्तीसगढ़ को दिए 286 करोड़

निर्मला सीतारमण ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को केंद्र सरकार अपना राज्यांश दे रही है। उसके बाद भी योजनाओं को यह कहकर वापस कर दिया जाता है कि राज्य के पास पैसा नही है। गरीबों की योजनाओं पर काम नहीं किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ को 50 साल के लिए बिना ब्याज के 286 करोड़ विकास के लिए दिया है। राज्य सरकार कोई प्रोजेक्ट शुरू करके काम कर सकती है। ऐसे पैसा केंद्र ने सभी राज्यों को दिया है।

### पीसीसी चीफ मरकाम ने पूछे वित्त मंत्री से पांच सवाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य की राजनीति इन दिनों विभिन्न मुद्दों को लेकर गर्म है। सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। ऐसे समय में देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का छत्तीसगढ़ की धरा पर आना कुछ और ही संकेत दे रहा है।दरअसल, वित्तमंत्री भाजपा के कई कार्यक्रमों में शामिल होने मगंलवार को सुबह रायपुर पहुंची है। उनके आगमन पर भाजपा के पदाधिकारी जहां उत्साह दिखा रहे हैं, वहीं कांग्रेस वित्त मंत्री को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।अलबत्ता वित्त मंत्री के आगमन को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

**ये है पांच सवाल**

1 छत्तीसगढ़ की जीएसटी क्षतिपूर्ति की राशि तथा विभिन्न मदों में राज्य को केंद्र से लेने वाली राशि केंद्र कब तक देगा?

2 केंद्र सरकार ने कोरोना काल में पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले एक्साइज ड्यूटी को दस गुना तक बढ़ा दिया था जिसके कारण पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग 100 रू. के तक पहुंच गये। सीतारमण जी पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले एक्साइज ड्यूटी को कब कम करेंगी? ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## न्यूज गैलरी

## विधायक ने व्यापारियों से की चर्चा

**भिलाई (नव प्रदेश)।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सुबह 6 बजे बोरिया गेट मार्केट पहुंचे। जहां वे व्यापारियों से मिले। उनका हालचाल जाना और उनके साथ बैठक कर चाय की। व्यापारियों के साथ विधायक लंबी चर्चा की। व्यपारियों के व्यापार से लेकर उनकी समस्याओं और शहर के विकास पर चर्चा की गई।

इसके बाद वे बीएसएनएल चौक पहुंचे। जहां विधायक आम नागरिकों से मिले। उनका हालचाल जाना। वहीं व्यापारियों से पूछा कि भिलाई में कैसे विकास कार्य हो रहा है। किस तरह की समस्या है। व्यापारियों की क्या मांग है या परेशानी है। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों सरकार की योजनाओं के संबंध में लंबी चर्चा की गई। काफी खुश रहे व्यापारियों का कहना था कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भिलाई के पहले ऐसे नेता है जो चुनाव नहीं होने पर भी सब के साथ बैठ रहे, मिल-जुल रहे, सब का हाल-चाल पूछ रहे हैं। इनके अलावा जितने भी नेता भिलाई में रहे वे लोगों से और व्यापारियों से सिर्फ चुनाव के टाइम मतदान मांगने वोट के लिए ही मिलते जुलते थे और मतदान होने के बाद जीतने के बाद दोबारा 5 साल तक कभी शक्ल नहीं दिखाते थे। चाय में चर्चा के दौरान भिलाई नगर विधायक ने व्यापारियों से चर्चा करते हुए बताया कि वे लगातार भिलाई के भलाई के लिए काम कर रहे। शहर में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। व्यापारियों ने भी सहमति देते हुए कहा कि जब से देवेंद्र यादव महापौर और विधायक बने हैं तब से भिलाई में बहुत विकास हुआ है और अभी भी कई विकास कार्य चल रहे हैं।

## युद्धस्तर पर हो रहा एनएच का निर्माण

**दुर्ग।** रायपुर-दुर्ग मार्ग पर कुम्हारी में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य निर्माण एजेंसी रॉयल इंफ्रा कन्स्ट्रक्ट द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के सतत निगरानी में किया जा रहा है। कार्य समयसीमा पर पूर्ण हो इसके लिए रात्रि में भी निर्माण चल रहा। पिछले दिनों सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग पर निर्माणाधीन चार फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया था एवं कार्य की धीमी गति के कारण निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की गई थी। तत्पश्चात विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल मानिटरिंग कर कार्य की गति बढ़ाई गई है। वर्षा ऋतु एवं लगातार हो रही बारिश के कारण मुरूम कार्य प्रभावित हो रहा है।

# सशस्त्र सीमा बल के 31 जवानों व अधिकारियों ने किया रक्तदान

## रक्तदान करने वाले दूसरों की जिंदगी को बचाने के लिए प्रयास कर रहे-सुधीर

**नव प्रदेश संवाददाता**

**दुर्ग।** आजादी के अमृत महोत्सव इन दिनों पूरे देश में मनाया जा रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ नक्सल प्रभावित क्षेत्र कांकेर में कार्यरत सशस्त्र सीमा बल भी देश के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देश के प्रति अपना योगदान दे रहा है। इसी कड़ी में भिलाई में मंगलवार को सशस्त्र सीमा बल के व्दारा रक्तदान शिविर में भाग लिया। सामाजिक संस्था कनेक्ट टू एक्ट पंजीकृत सामाजिक संस्था व रेडक्रॉस सोसाइटी के व्दारा भिलाई स्टील प्लांट के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ में पदस्थ सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा अन्य बल सदस्यों ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने के प्रति अपना बहुमूल्य योगदान दिया और संकल्प भी लिया। इस रक्तदान शिविर का मूल उद्देश्य यह है कि लोगों को देश के प्रति रक्तदान के माध्यम से एकजुटता का संदेश देना था ताकि रक्तदान से किसी का भी जीवन को बचाया जा सके।

छग में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पदस्थ सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक सुधीर कुमार ने बल के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचरियों के साथ रक्तदान शिविर में जाकर स्वयं रक्तदान किया। रक्तदान कर रहे अधिकारी व बल के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। इस रक्तदान शिविर के अंतर्गत कुल 31 अधिकारियों एवं बलकर्मियों के व्दारा रक्तदान स्टील क्लब, सेक्टर- 8 भिलाई छत्तीसगढ़ में किया गया। सशस्त्र सीमा बल छत्तीसगढ़ के उप महानिरीक्षक सुधीर कुमार ने कहा कि आज का दिन हम सभी एक नेक कार्य करने के लिए यहां आए हैं ताकि हमारी छोटी से प्रयास से किसी की जिंदगी को बचाया जा सकता है। जीवन देना और लेना तो ऊपर वाले के हाथों में हैं लेकिन हमारा जीवन किसी के काम आ जाये इससे बढ़ कर इस जीवन में और कुछ नहीं हो सकता है। हम खुशनसीब हैं जो हमें यह सौभाग्य पर्याप्त हुआ है कि हम अपना रक्त दान कर किसी परिवार का चिराग बुझने से बचा सके। रक्तदान करने वाले महान आत्मा हैं जो दूसरों की जिंदगी को बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। शिविर में कई लोगों ने रक्तदान किया।

# योगी सरकार को बर्खास्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण एवं भिलाई शहर के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में किसानों के साथ हुए अन्याय और अत्याचार के खिलाफ उत्तर प्रदेश के योगी सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शनकर, बरसते पानी में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

इस धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए दुर्ग शहर विधायक अरुण वोरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की भ्रष्ट सरकार को जब तक उखाड़ के नहीं फेकेंगे तब तक कांग्रेसी शांत नहीं बैठेंगे। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में हुए किसानों के साथ अन्याय एवं अत्याचार योगी सरकार के तानाशाही रवैए को दर्शाती है। किसानों को मंत्री के बेटे के काफिले के द्वारा कुचल दिया जाता है। इस प्रकार योगी और मोदी सरकार किसानों की आवाज को दबाना चाहती है। देश की जनता किसानों के साथ हुए अपमान का बदला 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंक कर करेगी।

## बारिश समाप्त होते ही बीटी का कार्य कराएं, महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग होती रहे : भूरे

**दुर्ग।** बारिश समाप्त होते ही जिन सड़कों पर बीटी का काम प्रस्तावित हैं वहां बीटी का काम कराएं। जिले की जीवनदायिनी सड़कों में जहां भी दिक्कत आई है अब इन्हें ठीक करने की मुकम्मल व्यवस्था कराएं। जामुल-अहिवारा रोड जैसी प्राथमिकता वाली सड़कों के लिए टाइमलाइन पर कार्य करते हुए काम की लगातार मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज समीक्षा बैठक में दिये। कलेक्टर ने कहा कि बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं नागरिकों तक अबाधित रूप से पहुंचाना प्राथमिकता है। निगम क्षेत्रों में जहां प्रेशर की समस्या है अथवा टेल एंड होने की वजह से पानी नहीं जा रहा, वहां पर निर्देशानुसार शीघ्रताशीघ्र मुकम्मल व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा कि बिजली की स्थिति की लगातार मानिटरिंग करते रहें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है। कुछ शिकायतें आई हैं जिसमें हास्पिटल स्टाफ द्वारा नागरिकों को असहयोग करने की बात आई है। इस पर कड़ी कार्रवाई किये जाने की जरूरत है। इन मामलों की पारदर्शिता से जांचकर पुख्ता कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि पार्किंग का मुद्दा भी नगरीय क्षेत्रों में आ रहा है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202110910040037

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका निशा सूर्यवंशी पति हर्षवर्धन सूर्यवंशी निवासी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/27 रकबा 0.012 हें/ 1282 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202110910040037

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका शालिनी बांगड़े पति अनिल कुमार बांगड़े निवासी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/21 रकबा 0.012 हें/ 1282 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**नाम-परिवर्तन**

मैं श्रीमति लोकमणी चंद्राकर पति श्री रोहित कुमार चंद्राकर उम्र 52 वर्ष निवासी लीली चौक सिरसाकला भिलाई तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे पति भिलाई इस्पात संयंत्र में आईईडी-1 में चार्जमेन कम सिनियर आपरेटिव के पद पर है। जिसका प.न. 150713 है। पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम श्रीमति लोकमणी (LOKMANI) लिखा हुआ है। मेरे समस्त आधार कार्ड क्रमांक 673435863757 एवं पेन कार्ड AQOPC8397A मेर नाम श्रीमति लोकमणी चंद्राकर (LOKMANI CHANDRAKAR) दर्ज है तथा मैं उसी नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं। पति के सर्विस रिकार्ड में अपना नाम लोकमणी के स्थान पर पूरा नाम श्रीमति लोकमणी चंद्राकर सुधार कराना चाहती हूं। श्रीमति लोकमणी चंद्राकर एवं श्रीमति लोकमणी (LOKMANI CHANDRAKAR & LOKMANI) दोनो ही नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही महीला हूं। अत: यह शपथ पत्र अपने पति के सर्विस रिकार्ड में अपना पूरा नाम लोकमणी चंद्राकर सुधार करने के लिए सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ती, लोकमणी

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्री अनवारूल हक — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202109100400325

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अनवारूल हक आ. स्व. असगर अली निवासी ग्राम कोहका भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | खसरा नंबर | रकबा | प्रयोजन |
| --- | --- | --- | --- |
| ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग | 2577/88 | 0.02 हें 1842 वर्गफीट | वाणिज्यिक |

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र अ-74 वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरालाल साहू पित साधूराम साहू निवासी अंजोरा (ख) तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम आंजोरा (ख) तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 271/7 रकबा 0.0900 हे. लगान 0.09 रू भूमि जो कि हीरालाल साहू पिता साधूराम साहू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह पेशी दिनांक 18/10/2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29.09.2021 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनिल भट्टाचार्य पिता स्व. भुवन मोहन भट्टाचार्य निवासी म. नं. - 957, पंचशील नगर वार्ड-1 तह. व जिला दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग -2 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 343/15 का रकबा 0.022 हे. भूमि सुनिल भट्टाचार्य एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की सहखातेदार आशिष भट्टाचार्य मृत्यु दिनांक 12/05/2021 व शिवानी भट्टाचार्य की मृत्यु 30/05/2021 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजेन्द्र भगत पिता स्व. फत्तु लाल भगत निवासी सी/ओ इश्वर साहू सतिपारा सहकारी कुआं के पास ग्राम धनोरा हनोदा तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला दुर्ग -2 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 588/19 का रकबा 0.005 हे. 245 वर्गफीट भूमि को विकेता विष्णु प्रसाद ताम्रकार पिता स्व. लालजी ताम्रकार से दिनांक 17/09/2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण शकुंतला साहू पति स्व. नेहरू राम साहू वगैराह. निवासी मकान नं.- 543/2 वार्ड नं. 58 संगम चौक उरला तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम उरला प.ह.नं. 07 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 293/6, 295/2, 296/4, 513/3 एवं 515/2 कुल खसरा 05 रकबा क्रमशः 0.010, 0.215, 0.162, हे. एवं 0.012 हे. भूमिस्वामी नेहरू राम साहू पिता स्व. झाडूराम साहू के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी नेहरू राम स्वामी दिनांक 22/07/2021 की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदकगण द्वारा फौती नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है। आवेदक के साथ बी-1, ऋण पुस्तिका मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 01.10.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ /अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोमनाथ निषाद आ. मिलन निषाद उम्र 56 वर्ष एवं अन्य 5 निवासी ग्राम अंजोरा तह. व जिला दुर्ग ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नंबर 586/4 रकबा 0.036 हे. भूमि जो कि आवेदकगण एवं उनके पिता/सहखातेदार मिलन निषाद के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। वर्तमान में आवेदकगण के पिता/सहखातेदार मिलन निषाद आ. स्व. जल्ली निषाद की मृत्यु दिनांक 27/06/2021 को चुकी है। वारिसानों का नाम पूर्व से दर्ज होने के कारण मिलन निषाद का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित किए जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29/10/2021 तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत दावा/ आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.10.2021 को जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका एस. ईश्वरी पति स्व. एस. पतिराम निवासी दल्ली राजहरा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा उमरपोटी तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 145/31 रकबा 0.02 हे. भूमि जो कि स्व. पतिराम पिता स्व. एस बैरागी के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूस्वामी के मृत्यू स्व. एस. पतिराम पिता स्व. एस बैरागी हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 13.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग - (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार सोनी पिता पति पवन कुमार सोनी निवासी आर्य नगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 60/75 रकबा 1800 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता राकेश जैन पिता रावलमल जैन के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 06.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग - (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनसिंह साहू पिता स्व. रामलाल साहू निवासी अंजोरा ढाबा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके धनसिंह के नाम पर ग्राम अंजोरा प.ह.न..... तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 37/1, 37/2, 1682/1, 1827/1 रकबा 0.30, 0.30, 0.16, 0.02 हे. भूमि एकल खाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/ सहखातेदार रूपकुंवर की मृत्यु दिनांक 09/09/2021 को होने से उनका नाम पिलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 18.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग - (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरूषोत्तम साहू पिता स्व. राम लाल साहू निवासी अंजोरा ढाबा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पुरूषोत्तम के नाम पर ग्राम अंजोरा प.ह.न..... तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 34, 42, 1827/2 रकबा 0.29, 0.24, 0.01 हे. भूमि एकल खाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/ सहखातेदार रूपकुंवर की मृत्यु दिनांक 09/09/2021 को होने से उनका नाम पिलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 18.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग - (छ.ग.)**

**उद्घोषणा-पत्र**

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डहर सिंह पिता रामलाल साहू निवासी अंजोरा ढाबा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके डहर सिंह के नाम पर ग्राम अंजोरा प.ह.न..... तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 2163, 301, 1388, 2241/1 , 2450 = कुल 5, रकबा- 0.84 हे. भूमि एकल खाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/ सहखातेदार रूपकुंवर की मृत्यु दिनांक 09/09/2021 को होने से उनका नाम पिलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 18.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वकार हसन कामदार पिता ए.एम. कामदार अन्य 02 निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 595 का टु. एवं 594/9 का टुकड़ा रकबा 9.51 वर्गमीटर 222.49 वर्गफीट भूमि को विक्रेता राजेश कुमार झंवर पिता बालकिशन झवर (अन्य-2) निवासी ग्राम आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति उजमा कामदार पति वकार हसन कामदार निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 595 का टु. रकबा 57.86 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता राजेश कुमार झंवर पिता बालकिशन झवर (अन्य-2) निवासी ग्राम आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार गुप्ता पिता शंभू दयाल गुप्ता निवासी ग्राम गायत्री मंदिर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 595 का टु. रकबा 51.16 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता राजेश कुमार झंवर पिता बालकिशन झवर (अन्य-2) निवासी ग्राम आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार रत्नानी पिता स्व. श्री सी.जे रत्नानी निवासी ग्राम सिंधिया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 595, 594/9 का टु. रकबा 10.11, 162.20 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता राजेश कुमार झंवर पिता बालकिशन झवर (अन्य-2) निवासी ग्राम आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 21/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

202109100700390

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेश कुमार चौरडिया (जैन) पिता गौतम चंद चौरडिया (जैन) निवासी ग्राम गया नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 827/7 रकबा 0.012 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता रोशन चरोडिया (जैन) पिता गौतम चंद परोडिया (जैन) निवासी ग्राम गया नगर दुर्ग तह... जिला... से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 20/09/2021 को प्राप्त किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड भूमि को हक त्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति शांति देवी झंवर पति बाल किशन झंवर निवासी ग्राम आदर्श नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 595, 594/6 का टु. रकबा 90.70, 14.46 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता राजेश कुमार झंवर पिता बालकिशन झंवर (अन्य-2) निवासी ग्राम आदर्श नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 15/09/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.10.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202110100400025

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संतोष कुमार यादव आ. प्यारे लाल यादव निवासी कसारीडीह दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 555/3 रकबा 0.0090 हें/ 1002 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202110100400010

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राम लल्लू पाल आ. मयाराम पाल निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/49 रकबा 0.0124 हें/ 1335 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202110710040037

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कुसुम साहू पति कुलेश्वर साहू निवासी सुभाष नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/53 रकबा 0.0120 हें/ 1300 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202110710040038

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जय कुमार आ. बोधी राम निवासी से.-2 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 558/10 रकबा 0.031 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202110710040038

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक जय कुमार आ. बोधी राम निवासी से.-2 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 558/27 रकबा 0.010 हें/ 1278 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

पंजी. 202110710040037

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कुलेश्वर साहू आ. श्रवण कुमार साहू निवासी सुपेला भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/54 रकबा 0.0111 हें/ 1200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

## न्यूज गैलरी

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र महाप्रबंधक रूपलाल मीना आज बिलासपुर में

**रायपुर/नवप्रदेश।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक, भोपाल अंचल प्रमुख रूपलाल मीना का बिलासपुर आगमन आज होगा। इस दौरान श्री मीना क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर जिसका गठन गत वर्ष हुआ था में अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करेंगे तदुपरांत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं डीपी विप्र महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आजादी की 75वीं अमृत महोत्सव अंतर्गत आयोजित 'हरियर छत्तीसगढ़ हरियर भारत' वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक, ग्राहक संगोष्ठी, जन सुरक्षा अभियानों की समीक्षा एवं शाखाओं का निरीक्षण आदि कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## ट्रक चालक से मोबाइल लूटा, बाइक सवार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** ट्रक चालक से बाइक सवार 2 अज्ञात युवकों ने मोबाइल लूट लिया। मामले की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के मुताबिक अविनाश आशियाना कबीरनगर निवासी अनील कुमार पासवान 30 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह ट्रक चालक है। 29 सितंबर को देरशाम ट्रक खड़ी करके पैदल घर जा रहा था तभी दो बाइक सवार अज्ञात लड़के उम्र 17 से 18 वर्ष के मध्य उसे वंदना इस्पात के पास रोककर जेब में रखा मोबाइल 10 हजार कीमत को लूटकर भाग गए। भागते समय आरोपियों की गाड़ी का नंबर सीजी 04 एमएल 5032 प्रार्थी नोट कर लिया था।घटना के बाद वह ट्रक में लोड माल को लेकर गरियाबंद चला गया।इसलिए वह उस समय रिपोर्ट दर्ज नही करायी। गरियाबंद से वापस आने के बाद मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफधारा 392 के तहत लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

## 200 रुपये के लिए गले पर ब्लेड से वार

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी से लगे अभनपुर थाना अंतर्गत में 200 रूपए के लिए प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। दरअसल ग्राम बकतरा में 200 रुपये के लिए हत्या करने की नियत से एक व्यक्ति के गले पर में ब्लेड से हमला किया गया है। मामले की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक अभनपुर ग्राम बकतरा निवासी सालिक रामु साहू ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि सोमवार को देर रात गांव का अमर सिंग प्रार्थी के पास आकर बोला कि तुम्हारा लड़का 200 रुपये खर्चा कराया है उसे आज जान से मार दुंगा, कुछ देर बाद मोहित साहू घर आकर बताया कि प्रार्थी के लड़के को हत्या करने की नियत से अमर सिंह ने ब्लेड से गले पर वार कर गंभीर रुप घायल कर दिया। नरेन्द्र साहू 22 वर्ष को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में जुटी है।

## युवक के गले पर चाकू से हमला

**रायपुर/नवप्रदेश।** राधजानी के पंडरी इलाके में पूर्व विवाद को लेकर हत्या की नियत से घुसकर चाकू मारने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक गांधीनगर पंडरी सिविल लाईन निवासी राहुल महानंद ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि बीती शाम उसके चचेरे भाई आशीष विभार पिता मुरली विभार उम्र 21 वर्ष प्रार्थी व विशाल तांडी, छबि महानंद, डुकेश महानंद उर्फ फुल्ला एवं मोहल्ले के कुछ लोग नरेन्द्र किराना स्टोर्स के पास नीम पेड के सामने गांधी नगर पंडरी मे खड़े थे। तभी मोहल्ले का आशीष विभार वहां पर अपनी एक्टीवा से पहुंचा आशीष विभार को देखकर डुकेश महानंद उर्फ फुल्ला पूर्व विवाद को लेकर गाली गलौच कर मारपीट करने लगे। इस पर प्रार्थी व व खड़े अन्य लोगों ने बीच–बचाव किया। तभी मौका पाकर डुकेश महानंद उर्फफुल्ला आशीष विभार को जान से मारने की नियत से अपनी जेब मे रखे धारदार बटनदार चाकू से उसके गले पर प्राण घातक हमला कर दिया। जिसके गले से खून निकलने के कारण आशीष विभार बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। डुकेश महानंद उर्फ फुल्ला आशीष विभार को चाकू मारकर तत्काल वहां से फरार हो गया। जिसके बाद आशीष को उसके स्कूटी से लेकर मेकाहारा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## तीन तलाक मामले में वकील गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** देश में तीन तलाक कानून लागू होने के बाद राजधानी रायपुर के वकील रियाज अली को पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि रियाज अली पेशे से वकील है। बता दे कि बढ़ईपारा निवासी महिला ने एक साल पहले तीन तलाक मामले को लेकर रायपुर के महिला थानें में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मामले में गिरफ्तारी के पहले ही आरोपी रियाज खान फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। आखिरकार एक साल बाद आरोपी रियाज खान को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## सट्टा-पट्टी के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर के खम्हारडीह में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 3700 रुपये नगद व सट्टा-पट्टी तथा एक डॉट पेन जब्त की है। मिली जानकारी के मुतांबिक 4 अक्टूबर को देररात खम्हारडीह पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर रेल्वे पटरी के पास अनुपम नगर ब्रीज के नीचे रेड कार्यवाही कर रंजीत यादव पिता दशरथ यादव उम्र 22 साल माता गैरेज के पीछे पंडरी थाना सिविल लाईन रायपुर को अंको में नगदी रकम लगाकर जुआ खिलाते सट्टा पट्टी लिखते रंगे हांथो पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से नगदी रूपये, 3720 रूपये सट्टा पट्टी, 01 डाट पेन जब्त की है। नाम पुछने पर उसने अपना नाम रंजीत यादव 22 वर्ष पिता दशरथ यादव निवासी पंडरी सिविललाईन बताया है। आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 4/क के तहत कार्रवाई कर जमानतीय मुचलका पर रिहा कर दिया है।

## गांजा बिक्री करते एक गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** गांजा बेचने की सुचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर 840 ग्राम गांजा जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक 4 अक्टूबर को सारागांव खरोरा में गांजा बेचे जाने सुचना मिलने पर खरोरा थाना पुलिस ने मुखबीर के बताये स्थान ग्राम सारागांव पहुंचकर रेड कार्यवाही किया। आरोपी राजू सोनी ऊर्फ बम्बईया के कब्जे से एक सफेद रंग के थैला मे 840 ग्राम गांजा अवैध रूप से रखा मिला कीमत लगभग 5000 रूपये व बिक्री रकम 500 रूपये कुल 5500 रूपये को जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# नवरात्र कल से, शक्ति का पर्व जोर शोर से मनाएंगे श्रद्धालु

### डोंगरगढ़ एवं रतनपुर में माई के दर्शन के लिए कोरोना टीकाकरण की होगी जांच

**रायपुर/नवप्रदेश।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देश एवं प्रदेश में आदिशक्ति का पर्व शारदीय तृतीया और चतुर्थी तिथि एक साथ पड़ने के कारण 7 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रि 14 अक्टूबर को संपन्न होंगे। 15 अक्टूबर को विजयादशमी (दशहरा) का त्योहार मनाया जाएगा। कोरोना की छाया के बीच गत दो वर्षों से भक्त माता के दरबार डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी एवं रतनपुर स्थित महामाया मंदिर के पट बंद होने के कारण दर्शन से वंचित थे।

इस वर्ष कोरोना की रफ्तार धीमी होने के कारण राज्य शासन ने दोनों ही स्थलों में होने वाले मेले के आयोजन को रद्द कर सोशल डिस्टेसिंग के साथ माता के दर्शन के लिए 7 से 15 अक्टूबर के मध्य भक्तों के कोरोना टीकों की जांच के उपरांत ही श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार असुरों के वध के लिए ब्रम्हा एवं शंकर जी के नेतृत्व में समस्त देवताओं की संचित शक्तियों के प्रकाशपुंज से आदिशक्ति मां दुर्गा का स्वरूप निर्मित हुआ। माता के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री

आदि की उपासना से जहां श्रद्धालुओं को अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है वहीं नौ दिन उपवास करने से माता भक्तों के दुःख हरती है।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस साल नवरात्रि गुरुवार से प्रारंभ हो रहे हैं। ऐसे में मां दुर्गा की सवारी पालकी होगी। मां दुर्गा पालकी या डोली से आएंगी और हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी।

### घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

नवरात्रि में घट स्थापना या कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है। शारदीय नवरात्रि में घटस्थापना का शुभ समय सुबह 06 बजकर 17 मिनट से सुबह 7 बजकर 7 मिनट तक ही है। कलश स्थापना नवरात्रि के पहले दिन यानी 7 अक्टूबर, गुरुवार को ही की जाएगी।

### माता की पूजा में लगने वाली पूजन सामग्री

मां दुर्गा की प्रतिमा या फोटो, सिंदूर, केसर, कपूर, धूप,वस्त्र, दर्पण, कंघी, कंगन-चूड़ी, सुगंधित तेल, चौकी, चौकी के लिए लाल कपड़ा, पानी वाला जटायुक्त नारियल, दुर्गासप्तशती किताब, बंदनवार आम के पत्तों का, पुष्प, दूर्वा, मेंहदी, बिंदी, सुपारी साबुत, हल्दी की गांठ और पिसी हुई हल्दी, पटरा, आसन, पांच मेवा, घी, लोबान,गुग्गुल, लौंग, कमल गट्टा,सुपारी, कपूर. और हवन कुंड, चौकी, रोली, मौली, पुष्पहार, बेलपत्र, कमलगट्टा, दीपक, दीपबत्ती, नैवेद्य, शहद, शक्कर, पंचमेवा, जायफल, लाल रंग की गोटेदार चुनरीलाल रेशमी चूड़ियां, सिंदूर, आम के पत्ते, लाल वस्त्र, लंबी बत्ती के लिए रुई या बत्ती, धूप, अगरबत्ती, माचिस, कलश, साफ चावल, कुमकुम,मौली, श्रृंगार का सामान, दीपक, घी/ तेल, फूल, फूलों का हार, पान, सुपारी, लाल झंडा, लौंग, इलायची, बताशे या मिसरी, असली कपूर, उपले, फल व मिठाई, दुर्गा चालीसा व आरती की किताब,कलावा, मेवे, हवन के लिए आम की लकड़ी, जौ आदि।

## वार्ड 24 में कांग्रेसियों ने कोरोना मृतकों की स्मृति में किया पौधारोपण

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर पश्चिम विधानसभा के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड 24 में आज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा क्षेत्रीय विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम हरितांजली का आयोजन किया गया। विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि वार्ड में कोरोनाकाल में दिवंगत हुए दिव्य आत्माओं की स्मृति में चलाए जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम हरितांजली में परिजनों के द्वारा अपने प्रियजन की स्मृति में पौधा लगाकर श्रद्धान्जलि दी जा रही हैं। दिवगन्त सदस्यों के स्मृतियों में पौधा लगाने के लिए परिजनों के द्वारा बताए गए स्थान पर,उनके पसन्द का पौधा लगाकर उसे ट्री-गार्ड से सुरक्षित भी किया जा रहा हैं ताकि पौधें को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुँचे। उन्होंने बताया कि हरितांजली के इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारी कोशिश हैं उन दिवंगतों को स्मरण करने की जिन्होंने बीते कोरोनाकाल में अपनी जान गंवाई हैं, हम उन दिवंगत आत्माओं को पौधें के रूप में जीवंत रखने का प्रयास कर रहे हैं।

# चिकित्सा के साथ जीवनशैली में बदलाव से दूर किया जा सकता है बैक पैन

- **कंप्यूटर और कुर्सी पर लगातार बैठे रहने से बढ़ रहे हैं मरीज, चिकित्सीय सहायता की जरूरत**

**रायपुर/नवप्रदेश।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बैक पैन विशेषकर पीठ के निचले हिस्से में दर्द के बढ़ते रोगियों को चिकित्सा के साथ जीवनशैली में बदलाव की सलाह दी है। उनका कहना है कि लगातार कंप्यूटर, लैपटाप या कुर्सी पर बैठे रहने से इस प्रकार की दिक्कतें बढ़ रही हैं जिसका चिकित्सकीय निगरानी में इलाज संभव है। यदि समय पर इसे दूर नहीं किया जाता है तो यह कई व्यावहारिक और मानसिक चुनौतियां पैदा कर सकता है।

चिकित्सक समुदाय की ओर से आम लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एम्स के

एम्स के पैन एंड पैलिएटिव केयर डिवीजन में लोअर बैक पैन के बड़ी संख्या में रोगी पहुंच रहे

एनेस्थिसिया विभाग की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय सीएमई का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के प्रमुख विशेषज्ञों ने लोअर बैक पैन (पीठ के निचले हिस्से में दर्द) के बढ़ते रोगियों पर चिंता व्यक्त की। विशेषज्ञों का कहना था कि यदि जीवनशैली में परिवर्तन को योग और निरंतर एक्सरसाइज से संतुलित नहीं किया जाएगा तो आने वाले समय में बैक पैन रोगियों की चुनौतियां और अधिक बढ़ जाएंगी।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर का कहना था कि इसके लिए चिकित्सकों को दर्द के प्रबंधन पर बेहतर ध्यान देना होगा। एम्स रायपुर में पैन क्लीनिक इसी दिशा में उठाया गया कदम है जो सभी प्रकार के रोगियों को संपूर्ण चिकित्सा जिसमें एलोपैथी से लेकर आयुष की मदद तक शामिल है, प्रदान की जा रही है। उन्होंने रोगियों को अपने दर्द को पहचान कर इसका इलाज समय पर शुरू करने के लिए कहा।

आयोजन सचिव डॉ. समरजीत डे ने कहा कि क्रोनिक पैन के विभिन्न कारणों को समझ कर इसका पूर्ण समाधान करने की आवश्यकता होती है। ज्यादातर आम लोग इस दर्द को जीवन का एक भाग समझ कर स्वीकार कर लेते हैं जिससे उन्हें सदैव तनाव की स्थिति रहती है। किसी भी प्रकार के क्रोनिक पैन को दवाइयों और व्यायाम की मदद से ठीक किया जा सकता है। सीएमई में लोअर बैक पैन को ठीक करने और इसके चिकित्सकीय प्रबंधन के विषय में विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डीन प्रो. एस.पी. धनेरिया, विभागाध्यक्ष प्रो. एन.के. अग्रवाल, प्रो. आलोक अग्रवाल, प्रो. पी.के. नीमा, डॉ. अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया।

## शहर में आवारा मवेशियों को पकड़कर गौठानों में भेजे जाने निगम का अभियान जारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** रोका-छेका अभियान के तहत नगर निगम द्वारा राजधानी शहर के विभिन्न मार्गो में आवारा मवेशियों को काउकेचर में पकड़कर गौठानों में भेजे जाने की कार्यवाही जारी है। इस अभियान के तहत 4 अक्टूबर को 46 आवारा मवेशियों को गौठानों में भेजा गया।

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा रोका-छेका अभियान के तहत राजधानी शहर के विभिन्न मार्गो में आवारा मवेशियों को काउकेचर वाहनों में सभी जोनों से भेजकर उन्हें विशेष टीमों के माध्यम से पकड़कर निगम क्षेत्रों के गौठानों में भेजे जाने की कार्यवाही निरंतरता से जारी है। सोमवार को भी शहर के विभिन्न इलाको में यह अभियान चलाकर कुल 46 आवारा मवेशियों को पकड़कर काऊकेचर वाहन की सहायता से गौठानों में भेजने की कार्यवाही की गयी। जोन 10 के जोन कमिश्नर एवं रोका-छेका अभियान के नोडल अधिकारी दिनेश कोसरिया ने बताया कि आज जोन 1 की टीम ने अभियान चलाकर 8 आवारा मवेशियों को गोगांव मार्ग सहित विभिन्न मुख्य मार्गो से पकड़कर अटारी गौठान भेजा। जोन 4 ने पेंशनबाड़ा, पुरानी बस्ती, बैरनबाजार, पुलिस लाईन से 2-2 कुल 8 आवारा मवेशियों को पकड़कर अटारी गौठान भेजा। जोन 8 ने विभिन्न मुख्य मार्गो से 13 आवारा मवेशियों को पकड़कर अटारी गौठान भेजने की कार्यवाही की। जोन 9 ने विभिन्न मार्गो से 11 आवारा मवेशियों को पकड़कर काऊकेचर वाहन की सहायता से अटारी गौठान भेजा। जोन 10 ने गंगा विहार, डुमरतराई, व्हीआईपी रोड से 6 आवारा मवेशियों को पकड़कर अटारी गौठान भेजा।

# संसदीय सचिव इंद्रशाह मण्डावी ने किया मोहला में शिखर पुस्तक का विमोचन

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजनांदगांव जिले में 10 अक्टूबर को होने वाले प्रयास आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा कक्षा 9वीं की तैयारी के लिए मोहला विकासखंड के अंतर्गत पांच स्थान मोहला, गोटाटोला, सोमाटोला, भोजटोला और वासड़ी में बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है छत्तीसगढ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री से संबद्ध संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी ने निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने शिखर पुस्तक का विमोचन भी किया।

उल्लेखनीय है कि इन पांच स्थानों पर लगभग 300 बच्चे निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं। एपीसी श्री सतीश ब्यौहरे ने बताया कि कोचिंग में मोहला के अनुभवी शिक्षक बच्चों को मार्गदर्शन दे रहे हैं और इसके लिए शिक्षकों की टीम ने शिखर पुस्तक भी प्रकाशित किया है। इस पुस्तक को तैयार करने में संजय जैन, बीईओ श्री राजेन्द्र कुमार देवांगन, शिक्षक नूतन साहू का विशेष योगदान रहा है। स्थानीय समाजसेवी संजय जैन ने बताया कि इस पुस्तक के विमोचन के बाद बच्चों और उनके पालकों में प्रयास चयन परीक्षा के प्रति ललक बढ़ी है। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष गमिता लोनहारे, सरपंच सरस्वती ठाकुर उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय प्रदेश का एक प्रतिष्ठित विद्यालय है, जिसके लिए पूरे राज्य से 1155 बच्चों का चयन आदिवासी विकासखंडों से किया जाता है। प्रयास विद्यालय प्रदेश के 9 स्थानों पर स्थित है, जिसमें कक्षा 9वीं में भर्ती के लिए चयन परीक्षा आगामी 10 अक्टूबर को आयोजित होगी। परीक्षा में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न कक्षा आठवीं स्तर के ज्ञान पर आधारित पूछे जाते हैं। पूर्व वर्षों में मोहला इन परीक्षाओं में प्रदेश में अग्रणी रहा है, इसका श्रेय मोहला में संचालित शिखर निःशुल्क कोचिंग को जाता है। यहां शिक्षा विभाग मोहला द्वारा अवकाश के दिनों में कक्षा संचालित की जाती है।

## मॉ कौशिल्या स्व-सहायता समूह को 10 बकरी व 1 बकरा प्रदाय किया गया

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर के समीप माता कौशल्या मंदिर की पावनधरा चंदखुरी के गौठान में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने करीब एक वर्ष पूर्व मॉ कौशिल्या स्व-सहायता समूह को रूरल बैकयार्ड गोट डेव्हलपमेंट स्कीम के तहत 10 बकरी तथा 1 बकरा प्रदाय किया था। महिलाओं के लिए भले ही बकरी पालन का कार्य नया हो, लेकिन उन्होंने अपने इस कार्य को पूरी लगन को मेहनत से किया और देखते ही देखते यहां बकरियों का कुनबा बढ़ गया है। इन बकरियों ने सात बच्चों को जन्म दिया है और अब यहां बकरीवंशीय पशुओं की संख्या बढ़कर 18 हो गई है।

उल्लेखनीय है कि नेशनल लाईव स्टॉक मिशन के घटक रूरल बैकयार्ड गोट डेव्हलपमेंट योजना के माध्यम से बकरी पालन के लिए अनुदान पर बकरी और बकरा प्रदाय किया जाता है। महिला स्वसहायता समूह की सदस्य वीणा धीवर को योजना के तहत लाभांवित किया गया है। इसके तहत एक इकाई की लागत 66 हजार रूपये आती है। इसमें से 59 हजार 400 रुपये की राशि अनुदान की होती है और हितग्राही को मात्र 6 हजार 600 रूपये की राशि अंशदान के रूप में देनी पड़ती है। श्रीमती वीणा धीवर योजना के प्रति काफी आशान्वित है उन्हें अनुमान है कि उन्हें पहले ही वर्ष 40 हजार रूपये की आय होगी। भविष्य में बकरियों की संख्या बढ़ने पर उनकी आय और इजाफा होगा।

उल्लेखनीय है कि राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सुकमा और कोरिया से प्रारंभ बाइक रैली का समापन 17 दिसंबर 2020 को चंदखुरी में हुआ था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर यहां के गौठान का अवलोकन किया था और इस दौरान उन्होंने इस योजना के अंतर्गत श्रीमती वीणा धीवर को लाभांवित किया था।

## भवन स्वामियों पर 7 हजार रूपये का जुर्माना

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर निगम के जोन-1 अंतर्गत मुर्राभट्टी एवंशिवानंद नगर में सड़क पर रेत व ईंट सामग्री रखकर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले भवन स्वामियों के खिलाफ नगर निवेश विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए 7 हजार रूपये जुर्माना लगाया है। निगम रायपुर के जोन क्रमांक 1 की नगर निवेश विभाग की टीम को आज जनशिकायत मिली कि नगर निगम जोन क्रमांक 1 के तहत आने वाले क्षेत्र मुर्राभट्टी एवं शिवानंद नगर में भवन स्वामियों द्वारा सड़क पर ईंट व रेत रखकर आवागमन में बाधा पहुंचा रहे है। इस शिकायत पर टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सड़क पर रखे ईट व रेत को थ्रीडी मशीन की सहायता से जप्त कर सम्बंधित भवन स्वामियों से कुल 7000 रूपये का जुर्माना सड़क बाधा शुल्क के रूप में वसूला।

## महिलाओं के शराब विरोधी मोर्चा का असर, दो कोचिए पकडाए, जेल दाखिल

**रायपुर/नवप्रदेश।** अवैध शराब बिक्री से त्रस्त ग्राम मुनगी के महिलाओं द्वारा खोले गये मोर्चे का असर दिखने लगा है । ग्रामीणों की बैठक बुला ग्रामीण व्यवस्था के? तहत लिप्त तत्वो पर शिकंजा कसने की महिलाओं की मांग को अभी ग्रामवासी पूरी कर भी नहीं पाये हैं कि इस मोर्चे की जानकारी मिलते ही नवपदस्थ थाना प्रभारी विरेन्द्र चंद्रा के निर्देश पर सक्रिय मंदिरहसौद थाना अमला ने घेराबंदी कर मोटरसाइकिल में शराब ले जाते इस ग्राम के 2 शराब कोचियों को रास्ते में ही धर दबोचा । अदालती आदेश पर इन दोनो कोचियों को आगामी 18 अक्टूबर तक के लिये न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कर दिया गया ।

ज्ञातव्य हो कि ग्राम में अवैध शराब बिक्री के चलते महिलाओं को हो रही परेशानी व नौनिहालों पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को देखते हुये यहां के महिलाओं ने शराब विरोधी मोर्चा खोल दिया है । मुट्ठी भर महिलाओं द्वारा रैली निकाल इसकी शुरुआत करने के बाद बीते 22 सितंबर को इनके द्वारा आहूत बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों सहित पधारे चंदखुरी जोन के कांग्रेस प्रभारी रामचंद्र वर्मा, नगपुरा सोसायटी

के अध्यक्ष गजेन्द्र वर्मा, मंदिरहसौद भाजपा मंडल अध्यक्ष व क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता वर्मा के प्रतिनिधि कृष्णा वर्मा, पूर्व क्षेत्रीय जनपद सदस्य चमन वर्मा तथा क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा आदि ने इस अभियान के लिये महिलाओं को बधाई देते हुये सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया था । बैठक में निकट भविष्य में ग्रामीणों की बैठक आहूत कर ग्रामीण व्यवस्था के? तहत लिप्त तत्वो पर शिकंजा कसने व 28 सितंबर को महिलाओं की एक रैली पुनः निकालने का निर्णय लिया गया था। नियत तिथि पर महिलाओं की रैली निकली जिसमें अपेक्षाकृत अधिक संख्या में महिलाओं के हिस्सेदारी निबाहने के साथ-साथ नौनिहालों ने भी शिरकत की जिसमें उत्साहवर्धन हेतु सरपंच जीवन धृतलहरे व उपसरपंच अशोक वर्मा आदि भी शामिल हुये पर निर्णयानुसार ग्रामीणों की बैठक आज तक नहीं हो पायी है जिसके चलते शराब कोचियों में अपेक्षाकृत दबाव नहीं बन पाया है और महिलाये ग्रामीण बैठक व उसके निर्णय का इन्तजार कर रही हैं । इधर इस बीच मुनगी में अवैध शराब बिकने व महिलाओं के मोर्चे की जानकारी मिलते ही नवपदस्थ थाना प्रभारी के निर्देश पर सक्रिय हुये आरक्षक अश्वनी चंद्रवंशी , राकेश साहू , उमेश गायकवाड़ व जफर अहमद की टीम ने बीते रविवार की शाम मोनेट इस्पात संयंत्र के पास मोटरसाइकिल सी जी 04 सी एस 8048 में 30 पौव्वा शराब ले जाते ग्राम के एक किराना दूकानदार 36 वर्षीय बिशेसर भतपहरी व उसके सहयोगी 33 वर्षीय अमरदास कोसले को 30पौव्वा शराब के साथ रंगेहाथ धर दबोचा । शराब की मात्रा 5 लिटर से अधिक होने के कारण इन्हें आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के गैरजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को जप्त किया गया।

## 40 पौवा देसी शराब जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** राधजानी के परसदा रेलवे स्टेशन क्रासिंग के पास मंदिर हसौद थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार के कब्जे से 40 पौव्वा देसी अवैध शराब जब्त की है।

मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की देररात मंदिरहसौद थाना पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर परसदा रेलवे स्टेशन पाटक के पास मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 डीएफ 8864 को रोककर तलाशी लेने पर रोककर चेक किया नाम पूछने पर मो.सा. चालक अपना नाम दीपक रात्रे पिता गोपाल रात्रे 27 वर्ष ग्राम पलौद थाना मंदिर हसौद का रहने वाला बताया।

आरोपी के कब्जे से एक बड़ा चुमडी झोला मे रखे देसी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक में 180 एमएल भरी हुई कुल 40 पौवा देसी शराब कीमत 4800 रूपये एवं बाइक जब्त की है।

## संपादकीय

# लाशो पर राजनीति अनुचित

उत्तर प्रदेश के जखीमपुर खीरी में जो घटना हुई वह दिल दहलाने वाली है। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई जिसमें किसान भी है और भाजपा कार्यकर्ता भी है और एक पत्रकार भी शामिल है। निश्चित रूप से यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है जिसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है और मृतकों के परिजनों के लिए 45-45 लाख का मुआवजा घोषित कर दिया है वहीं घायलों के लिए 10 लाख रूपए की सहायता मंजूर की है। उन्होने आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के भीतर इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी हो जाएगी। लखीमपुर खीरी में जो कुछ भी हुआ उसकी जांच के बाद ही इस बात का खुलासा हो पाएगा कि इसके लिए कौन कितना जिम्मेदार है। जब तक जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती तब तक सभी को शांति बनाएं रखने की आवश्यकता है। विपक्षी पार्टियों को भी संयम का परिचय देना चाहिए। लाशों पर राजनीति करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे वहां माहौल और खराब हो सकता है किन्तु विपक्षी दलों के नेताओं में सबसे पहले लखीमपुर खीरी पहुंचने की होड़ लग गई थी। इन विपक्षी नेताओं को यूपी पुलिस ने वहां जाने से रोका, कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। यह ठीक है कि ऐसी किसी भी हृदय विदारक घटना के बाद पीड़ितों के पास पहुंचाना और उनके आंसू पोछना राजनीतिज्ञों का कर्तव्य है और उन्हे ऐसा करने का अधिकार भी है लेकिन घटना के तत्काल बाद वहां विपक्षी नेताओं का जमावड़ा लगने से स्थिति बिगड़ने का अंदेशा रहता है यही वजह है कि नेताओं को वहां पहुंचने से रोका जाता है। इस बात को लेकर बात का बतंगड़ नहीं बनाया जाना चाहिए, जब सरकार और किसान संगठनों के बीच सुलह हो गई है और यूपी सरकार ने पीड़ित पक्ष की लगभग सभी मांगे मान ली है तो फिर सुलह के बाद भी लखिमपुर खीरी को सुलगाने की कोशिश कतई उचित नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि मामले की न्यायिक जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोग चाहे वे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही न सिर्फ उत्तर प्रदेश सरकार को बल्कि उन राज्यों की सरकारों को भी जहां किसान आंदोलन तेज हो रहा है वहां विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है ताकि निकट भविष्य में और कहीं लखीमपुर खीरी घटना की पुनरावृत्ति न हो पाएं।

## विचार

# विदेश नीति पर नए सुझाव

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

दिल्ली के 'सेंटर फार पालिसी रिसर्च' ने अभी एक महत्वपूर्ण शोध-पत्र प्रकाशित किया है, जो हमारी वर्तमान भारतीय सरकार के लिए उत्तम दिशाबोधक हो सकता है। इस सेंटर की स्थापना हमारे सम्माननीय मित्र डॉ. पाई पणंदीकर ने की थी। यह शोध-केंद्र मौलिक शोध और निर्भीक विश्लेषण के लिए जाना जाता है। इस सेंटर ने अभी जो शोध-पत्र प्रकाशित किया है, उसके रचनाकारों में भारत के अत्यंत अनुभवी कूटनीतिज्ञ, सैन्य अधिकारी और विद्वान लोग हैं। उनका मानना है कि भारत की विदेश नीति पर हमारी आंतरिक राजनीति हावी हो रही है। वर्तमान सरकार बहुसंख्यकवाद (याने हिंदुत्व), ध्रुवीकरण और विभाजनकारी राजनीति चला रही है ताकि अगले चुनाव में उसके थोक वोट पक्के हो जाएं। इस समय भारतीय लोकतंत्र जितने संकीर्ण मार्ग पर चल पड़ा है, पहले कभी नहीं चला। भारतीय विदेश नीति पर हमारी आंतरिक राजनीति का अंकुश कसा हुआ है। इन शोधकर्ताओं का इशारा शायद पड़ौसी देशों के शरणार्थियों में जो धार्मिक भेदभाव का कानून बना है, उसकी तरफ है। इन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि 'पड़ौसी राष्ट्र पहले' की नीति गुमराह हो चुकी है। लगभग सभी पड़ौसी राष्ट्रों से भारत के संबंध असहज हो गए हैं। चीन का मुकाबला करने के लिए भारत ने चौगुटे (क्वाड) में प्रवेश ले लिया है लेकिन क्या भारत महाशक्ति अमेरिका का मोहरा बनने से रूक सकेगा? शीतयुद्ध के ज़माने में सोवियत संघ के साथ घनिष्ट संबंध बनाए रखते हुए भी किसी गुट में भारत शामिल नहीं हुआ था। वह गुट-निरपेक्ष आंदोलन का अग्रणी नेता था लेकिन अब वह इस अमेरिकी गुट में शामिल होकर क्या अपनी 'सामरिक स्वायत्तता' कायम रख सकेगा ? इन विद्वानों द्वारा उठाया गया यह प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है। इन्होंने दक्षेस (सार्क) के पंगु होने पर भी सवाल उठाया है, जब से (2014) पाकिस्तान सार्क का अध्यक्ष बना है, भारत ने सार्क सम्मेलन का बहिष्कर कर रखा है। दक्षिण एशिया के करोड़ों लोगों की जिंदगी में रोशनी भरने के लिए भारत को शीघ्र ही कोई पहल करनी चाहिए। मैं तो इसलिए सरकारों से अलग सभी देशों की जनता का एक नया संगठन, जन-दक्षेस, बनाने का पक्षधर हूं। ये विद्वान पाकिस्तान से बात करने का समर्थन करते हैं। मैं समझता हूँ कि अफगान-संकट को हल करने में भारत-पाक संयुक्त पहल काफी सार्थक सिद्ध हो सकती है। इसी तरह अमेरिका के इशारे पर चीन से मुठभेड़ करने की बजाय बेहतर यह होगा कि हम चीन के साथ 'कोलूपीटिव मॉडल' याने सहयोग और प्रतिस्पर्धा की विधा अपनाएँ तो बेहतर होगा। जब तक भारत की आर्थिक शक्ति प्रबल नहीं होगी, उसके पड़ौसी भी चीन की चौपड़ पर फिसलते रहेंगे।

# नशे की गिरफ्त में बॉलीवुड

राजेश माहेश्वरी

> बॉलीवुड ही नहीं देशभर में ड्रग्स सिंडिकेट का जाल फैला हुआ है। देश के लगभग हर छोटे-बड़े शहर में कुछ नशा तस्कर बैखौफ होकर नशा बेचते हैं। इन लोगों को किसी न किसी का संरक्षण प्राप्त होता है। जिसके दम पर ये बेधड़क होकर काम करते हैं। ऐसे लोगों की जानकारी पुलिस को भी है, पर फिर भी वे इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करते। नशे के चंगुल में हर वर्ग के लोग हैं। नशा आसानी से मिल रहा है। इसलिए लोग इसका प्रयाग कर रहे हैं। पहले यह शौक होता है पर बाद में यह आदत बन जाती है। समय की मांग है कि नशे को जड़ से समाप्त किया जाए, ताकि यह अपने जड़ों को और न फैला सके। सभी स्कूल प्रबंधकों को चाहिए कि वे अपने स्कूल में बच्चों को नशों के बुरे प्रभाव के बारे में रेगुलर जानकारी दें। हमारे धार्मिक नेताओं को भी चाहिए कि वे नशों के खिलाफचलाए जा रहे अभियानों में अपना योगदान जरूर दें। सोच बदलने की भी जरूरत है। शराब पीना एक स्टेट्स सिंबल बनता जा रहा है। कानून में भी बदलाव की आवश्यकता है।

बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन को पिछले दिनों नशीले पदार्थ के सेवन और उन्हें रखने के गंभीर आरोपों में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने गिरफ्तार किया। इस मामले से पहले भी कई दफा बॉलीवुड के तार नशे के सौदागारों से जुड़े हैं। बॉलीवुड के कई कलाकार ड्रग्स सेवन और उन्हें रखने के आरोपों में केस भुगत रहे हैं। युवा आर्यन भी नशे के सौदागरों और सिंडिकेट के जाल में फंस चुका है, यह अपने आप में बेहद गंभीर मामला है। इस केस से यह भी खुलासा हुआ है कि नशे के सौदागरों की पहुंचा बॉलीवुड स्टार के किडस तक हो चुकी है। आर्यन के जरिए समूचे बॉलीवुड पर नशे का कलंक नहीं थोपा जा सकता, लेकिन यह भी बॉलीवुड का ही एक संवेदनशील मामला है। आर्यन से शाहरुख खान की शख्सियत जुदा नहीं की जा सकती। सुशांत सिंह राजपूत के तथाकथित आत्महत्या मामले में यह बात सिद्ध हो चुकी थी कि पूरा बॉलीवुड नशे की चपेट में है, ताजा मामले में ये तथ्य और पुष्ट हुआ है। शाहरुख खान को बॉलीवुड का बादशाह माना जाता है, जब बादशाह अपनी ही संतान का मार्गदर्शन नहीं कर सका, तो समाज का क्या मार्गदर्शन करेगा?

फिल्मी दुनिया बाहर से जितनी चकाचैंध और ग्लैमरस लगती है अंदर से उतनी ही काली और वीरान होती है। नशा और मादक पदार्थों का सेवन हमेशा से बॉलीवुड हॉलीवुड के सितारों पर हावी रहा है। अक्सर हमें कई कहानियां देखने और सुनने को मिलती हैं कि बॉलीवुड या हॉलीवुड के इस कलाकार को ड्रग्स की लत है। पिछले कई वर्षों से मादक पदार्थों की जांच में बार-बार बॉलीवुड हस्तियों का नाम आता रहा है। एक साल पहले सुशांत राजपूत की आत्महत्या मामले की जांच में भी कई खुलासे हुए। इस दौरान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की जांच के दौरान लगातार बॉलीवुड से जुड़े तार सामने आए। मादक पदार्थों के इस्तेमाल और लेन-देन मामले में कई बड़ी अभिनेत्रियों के नाम सामने आ चुके हैं, जो हैरान करने वाले हैं।

सुशांत राजपूत केस की सीबीआई जांच के दौरान अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के तार मादक पदार्थ तस्करों से जुड़ते मिले। केस की मुख्य आरोपी रही रिया चक्रवर्ती के भाई शौविक चक्रवर्ती ने स्वीकार किया कि उसने अपनी बहन रिया के लिए मादक पदार्थ

> भारत में नशे के नासूर से जख्मी परिवारों का हिसाब लगाने बैठें, तो यह आंकड़ा हमें रुला देने वाला है। भारत की 30 फीसदी जनसंख्या नशे के दलदल में फंसी हुई है, वहीं विश्व में यह कुल प्रतिशत 38.3 है। नशे के उमड़ते इस जंजाल को अब अनदेखा नहीं किया जा सकता है, जब यह हमारी नई पीढ़ी को निगल रहा हो। युवा वर्ग को नशे की गिरफ्त से बचाना सरकार का कर्तव्य है। आर्यन मामले में एजेंसियों को ईमानदारी और निष्पक्ष तरीके से जांच करनी चाहिए और दोषियों को कानून सम्मत सजा मिलनी चाहिए, ताकि समाज के लिए एक उदाहरण बन सके।

खरीदा था। साथ ही एनसीबी ने बताया था कि पूछताछ के बाद रिया ने बॉलीवुड के करीब 25 लोगों के नाम का खुलासा किया था जिसमें कई बड़े सितारे भी शामिल थे। रिया ने इस बात का भी स्वीकारा था कि वो खुद मादक पदार्थ लेती थीं। रिया को इस मामले में जेल भी जाना पड़ा था।

बॉलीवुड में नशे का खेल कितना बड़ा है? इसके बारे में बातें तो सब करते हैं, लेकिन खुलकर कोई इसके खिलाफआवाज नहीं उठाता। सुशांत मौत मामले की जांच में जिस तरह ड्रग्स एंगल पर बड़े खुलासे हुये थे वो हैरान करने वाले थे। ताजा मामला शाहरूख खान के बेटे का है। लेकिन ये पहली बार नहीं है। बॉलीवुड में फिल्मी स्टार के ड्रग्स इस्तेमाल करने की बात पहले भी सामने आ चुकी है। और हर बार दो-चार दिन की गहमागामी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

आर्यन मामले में जो मीडिया रिपोर्ट सामने आई हैं, वो बेहद चैंकाने वाली हैं। समंदर में क्रूज पर जो रेव पार्टी हो रही थी, उसमें 21 ग्राम चरस, 13 ग्राम कोकीन, 5 ग्राम एमडी, एमडीएमए की 22 गोलियां आदि मादक पदार्थ बरामद किए गए। आर्यन के पास से 1.33 लाख रुपए नकद पकड़े गए हैं। बहरहाल आरोपी जूते, पर्स, अंतःवस्त्र में ड्रग्स को छिपाए हुए थे। किसी भी दृष्टि से यह मासूम अपराध के संकेत नहीं हैं। एनसीबी ने बीते एक साल के दौरान 300 से ज्यादा छापे मारे हैं, लेकिन छोटी मछलियां ही सामने आई हैं। नशे के मगरमच्छों तक कब पहुंचा जाएगा, यह किसी को भी आभास तक नहीं है, क्योंकि उनकी पहचान तक नहीं हो पाई है। यदि किसी सिंडिकेट का खुलासा होता है, तो वह विदेश की किसी अंधी गली में है अथवा नकाब पहने समाज के सामने है। वहां तक एनसीबी का कानूनी अधिकार-क्षेत्र नहीं है। फिल्म इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक बॉलीवुड के कुछ बड़े एक्टर के घर या फॉर्म हाउस में ड्रग्स की पार्टी आम बात है। इसमें उन एक्टर के वही को स्टार और दोस्त शामिल होते हैं, जो खुद भी ड्रग्स लेते हैं। बॉलीवुड को ड्रग्स सप्लाई करनेवालों में जो सबसे बड़ा नाम आता है, वो भी कोई बाहरी नहीं है, बल्कि इसी बॉलीवुड के अंदर का है। एक नामचीन एक्टर। जो कई फिल्मों में काम कर चुका है। बॉलीवुड के ड्रग्स सप्लाई करनेवाले इस एक्टर की वजह से ही एक नामी एक्टर का घर तक टूट गया। इसी वजह से बाद में बॉलीवुड को ड्रग्स सप्लाई करनेवाले इस एक्टर का फिल्म इंडस्ट्री के तमाम बड़े धुरंधरों ने बॉयकॉट कर दिया।

आर्यन सरीखे असंख्य युवा देश के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, आईआईटी, लॉ स्कूल्स आदि शैक्षिक संस्थानों में चरस, गांजा, भांग, कोकीन आदि मादक पदार्थों का सेवन सामान्य-सा चलन हो गया है। नौजवान खोखले हो रहे हैं। हमारी युवा पीढियां बर्बाद हो रही हैं। कई नशीले पदार्थ तो बेहद महंगे होते हैं और खुलेआम बाजार में बेचना भी अवैध है, लिहाजा गंभीर सवाल है कि युवाओं तक नशे की सप्लाई कौन कर रहे हैं? बेशक विशेष पुलिस और एनसीबी तक इन नशेड़ी पीढियों की जानकारियां जरूर होंगी, लेकिन कभी-कभार खबर आती है, तो बॉलीवुड और टीवी सीरियल वालों की ही सुर्खियां बनती हैं मानो वहीं नशे के तमाम स्रोत उपस्थित हैं। यह भी अर्धसत्य है।

संजय दत्त और फरदीन खान से लेकर दीपिका पादुकोण, सारा अली खान, श्रद्धा कपूर, भारती सिंह पति समेत, अरमान कोहली, अर्जुन रामपाल, रकुल प्रीत सिंह आदि न जाने कितने कलाकारों पर नशे के आरोप लगे। उन्हें तलब करके पूछताछ की गई। आज भी कुछ कलाकार जेल में होंगे। लेकिन नशेडियों और नशे का धंधा करने वाली जमात यह नहीं है। अलबत्ता उन्हें नशे की तलब होगी, तो कुछ नशा कर लिया होगा! नशे की बंदरगाहें कहीं और हैं।

# किसानों से इतनी नफरत क्यों?

डॉ रामेश्वर मिश्र

> कैबिनेट मंत्री मीनाक्षी लेखी उनको मवाली कहती हैं तो सांसद साक्षी महराज किसानों को आतंकवादी कहते हैं और दूसरे सांसद अक्षयवर लाल गोंड किसानों को सिख्खिस्तान, पाकिस्तान समर्थित राजनैतिक दलों के लोग कहते हैं। इसी प्रकार से इससे पहले भी भाजपा के कई मंत्री, सांसद और विधायकों ने प्रति नफरत भरे बयान दिए हैं जिनके मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल एवं मंत्री उषा ठाकुर, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री राव साहेब दानवे, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, सांसद सत्यदेव पचौरी आदि ने किसानों के अश्मिता और आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाने का प्रयास किया है तथा किसानों के गौरव को कलंकित किया है।

वर्तमान परिदृश्य में सरकार की बदलती सोच एवं असंवेदनशीलता के चलते लखीमपुर खीरी में किसानों को निर्दयता पूर्वक कुचलने का जो घिनौना कार्य किया गया यह भारतीय इतिहास में आज तक का सबसे क्रूरतम एवं तानाशाही व्यवहार प्रदर्शित करने वाला है। वर्तमान की केंद्र सरकार द्वारा लगातार किसानों की अनदेखी उनके प्रति असंवेदनशीलता, संवादहीनता सरकार के सत्ता के घमंड को दर्शाने तथा सरकार की आम जनमानस से बढ़ती दूरी को रेखांकित करता है। आज लगभग 11 महीने किसान आन्दोलन को हो गए ऐसे में सरकार अपने सत्ता के हनक में मतवाली बनी बैठी है और हमारे देश का अन्नदाता सड़कों पर गर्मी, सर्दी, बरसात के महीने में संघर्ष कर रहा है, यह कहाँ का न्याय है ? आज लखीमपुर के बर्बर दृश्य को देखने पर लगता है कि सरकार किसानों की अनदेखी ही नही बल्कि किसानों के प्रति सरकार के मन और मष्तिस्क में नफरत भरी हुई है। लखीमपुर की वीभत्स एवं क्रूरतम घटना को देखने पर यह प्रश्न उठता है कि किसानों के प्रति इतनी नफरत क्यों? क्या अपने हक की लड़ाई लड़ना कोई गुनाह है ? क्या सरकार द्वारा किसानों की आवाज दबाने की लिए इतने क्रूरतम हथकंडो को अपनाने का संकेत लखीमपुर में दिया गया ? क्या अपने परिवार, समाज और देश की लड़ाई लड़ना आज के परिदृश्य में गुनाह है ? क्या किसानों को कुचलने की घटना लोकतंत्र को कुचलने का बर्बरतम प्रयास है ? आज इन प्रश्नों के बीच देश का आम जनमानस किसानों के साथ व्यथित है। सत्ता में बहुमत प्राप्त करने का पर्याय यह है कि अल्पमत की अनदेखी की जाय। लखीमपुर की घटना से एक दिन पहले हमने 2 अक्टूबर को देश के दो महापुरूषों का जन्मदिवस बड़े उल्लास के साथ मनाया। हमारे प्रधानमंत्री और देश के प्रत्येक नागरिकों द्वारा महात्मा

गाँधी के 'अहिंसा के सिद्धांत' और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के 'जय जवान-जय किसान' के उदघोष को बड़ी तन्मयता से याद किया गया लेकिन अगले ही दिन लखीमपुर खीरी के तिकुनिया के समीप किसानों को क्रूरतम हिंसा के माध्यम से कुचल दिया गया जिसमे वर्तमान सरकार द्वारा अहिंसा के आदर्श एवं जय जवान-जय किसान के निहितार्थ को बर्बरतम तरीके से कुचलने का प्रयास परिलक्षित होता है। यह किसानों को कुचलने की घटना मात्र नही है वरन इस बदलते दौर में यह घटना दर्शाती है कि हमारी केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों एवं आम जनमानस के प्रति कितनी बेपरवाह है तथा क्रूरतम व्यवहार करने को प्रतिबद्ध है। किसानों की हत्या के पश्चात मुख्यमंत्री ने किसानों के प्रति असंवेदनशीलता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए किसानों से मिलने और शोक संतप्त होने के इतर विपक्ष की पार्टियों के प्रति अपनी निरंकुशता प्रस्तुत करते हुए लखीमपुर में किसी भी पार्टी और नेताओं के जाने पर रोक लगा दी, उनकी यह निरंकुशता और प्रतिशोध कांग्रेस पार्टी के प्रति ज्यादा दिखी, हद तो तब हो गई जब लखीमपुर घटना के अभियुक्त आशीष मिश्र की गिरफ्तार करने के बजाय कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गाँधी को गिरफ्तार किया गया और उनके साथ आये कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ प्रशासन ने धक्का-मुक्की की। इस निरंकुशता से आगे बढ़ते हुए योगी सरकार ने 32 घंटे से भी अधिक समय व्यतीत होने के बाद भी प्रियंका गाँधी को रिहा नही किया गया, यह तथ्य भाजपा सरकार का कांग्रेस और महिलाओं के प्रति नफरत को दर्शाने वाला है। किसानों के प्रति नफरत का यह पहली घटना नही है, इससे पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित हरियाणा सरकार में 28 अगस्त को करनाल में धरना कर रहे किसानों को पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बरता पूर्वक पीटा गया और इस घटना पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जी द्वारा खेद प्रगट करने के स्थान पर उनके नफरत भरे बयान सुनने को मिले जिसमे किसानों के प्रति खट्टर जी एक सभा को सम्बोधित करते हुए अपने लोगों से आग्रह कर रहे थे कि- ÷जैसे के साथ तैसा व्यवहार करो और 500, 700, 1000 लोगों का समूह बनाओ उन्हें स्वयं सेवक बनाओ उसके बाद हर जगह शठे-शाठ्यं समाचरते का व्यवहार करने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि चिंता मत करो आप जब वहाँ (जेल) एक महीने, तीन महीने रहोगे तो आप बड़े नेता बन जाओगे, इतिहास में नाम दर्ज होगा।÷ इस जनसभा में खट्टर जी द्वारा दिए गये नफरत भरे बयानों से उनका किसानो के प्रति वैचारिक दृष्टिकोण स्पष्ट हो जाता है।

## पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### हा-हा-कार के रेगिस्तान में

हा-हा-कार के रेगिस्तान में मृगतृष्णा सी खुशियाँ ।। भूतों की इक बस्ती में कुछ इंसानों का दिखना ।। जंगल के जंगली जीवों का आपस में घुलमिल रहना ।। ऐसा जो गर देख लिया तो सार्थक होगा जीना ।।

**- शिखा लाहिरी**

### खूबसूरत है वो हाथ जो मुश्किल

खूबसूरत है वो हाथ जो मुश्किल के वक्त कसी का सहारा बन जाये खूबसूरत है वो जज्बात जो दूसरों की भावनाओं को समझ जाये खूबसूरत है वो आँखे जिनमे किसी के खूबसूरत ख्वाब समां जाये खूबसूरत है वो दिल जो किसी के दुःख मे शामिल हो जाये।

**- पिताांबर श्रीवास्तव**

### खास पाती | मैं खोज रहा था एक जगह

मैं खोज रहा था ,एक जगह, इस संसार के भीड़ से कुछ अलग ,कुछ इतर ,कुछ बदले से रंग-ढंग में ,कुछ चमकीले ,कुछ खुशी से भरे-पुरे ,कुछ अलग सी पहचान ,कुछ नयी सी उड़ान,कुछ उन्मुक्त सा गगन ,कुछ खुला-खुला आसमान ,दूर तक फैली जमी ,कुछ मद्धम सा उगता सुरज ,कुछ नयी सी शाम ,कुछ बदला ङ्कबदला सा चाँद ,लिए हुए कुछ तारों का साथ ,एक सोने की चमक ,कुछ चाँदी का अंश ,अपने लिए एक अलग संसार ,एक नयी पहचान ,मुझमे हो एक नयी सी जान , एक नया उमंग , कुछ नए से तरंगो के साथ , भरनी है , कुछ नयी सी उडान।

**- नमन कुमार मिश्रा**

### ये बसंत ये बहार ये मौसम

ये बसंत ये बहार ये मौसम ये खुमार तुम्हारे बिना सब ऐसे हैं जैसे कोई साख से टूटा पत्ता ये पूनम की रात ये चाँदनी ये दूध मे भीगे बादल ये तारो से लिपटा आकाश तुम्हारे बिना सब ऐसे हैं जैसे कोई बिना शहद मधु का छत्ता ये गीत ये मुक्तक ये छंद ये कविता तुम्हारे बिना सब ऐसे हैं जैसे कोई बिना पते का बैरंग खत! ये मान ये सम्मान ये प्रसंशा ये प्रशस्ति तुम्हारे बिना सब ऐसे हैं जैसे कोई अनुस्वार से विलग हुई चिंता।

**- कुमुद रंजन झा**

### ये उदासी चेहरे पर छलक आयी

ये उदासी चेहरे पर छलक आयी कितना समझाया इसे बीच महफ़िल में दखल न दिया करो हँसने लगी और बोली महफ़िल तो बाहर है तेरे अंदर तो मैं ही हूँ क्यों भूलती है मुझे।

**- सीमा मधुरिमा**

### कोई कैसे स्वयं को जगत गुरु मान लेता है , मेरे समझ के बाहर

कोई कैसे स्वयं को जगत गुरु मान लेता है , मेरे समझ के बाहर है। जगत गुरु/विश्व गुरु तो उनको मानना चाहिए जो सारे जगत की फिक्र करे न कि धर्मविशेष,जाति विशेष, देश विशेष, वर्ग विशेष की फिक्र करे 7 और ऐसा सक्षम आदमी आज तक तो मानव इतिहास में हुआ नहीं 7 यदि पता लगे तो बताइये 7मेरीभीआजीवन खोज जारी रहेगी।

**- घनश्याम गुप्ता**

### आँखें थकी हैं तलाशते हैं तुम्हें कहाँ हो गांधी? गए सिमट हम

आँखें थकी हैं तलाशते हैं तुम्हें कहाँ हो गांधी? गए सिमट हम जाती भेद में कहाँ हो गांधी? जीवन संध्या बुढ़ापे की और है आ जाओ गांधी। गांधीगिरि को कानून बनवा दो आ जाओ गांधी। जाती धूप मेंभविष्य संतान काकहाँ हो गांधी? अटके हम है भटका भारत कहाँ हो गांधी? श्रद्धा तर्पण सब तो तुम्हें दिया आ जाओ गांधी।

**- अनिता कपूर**

### जहाँ इज़्ज़त-ओ-रसूख़ मर्यादाऐं नहीं होती ! वहाँ सीता, मीरा

जहाँ इज़्ज़त-ओ-रसूख़ मर्यादाऐं नहीं होती ! वहाँ सीता, मीरा और राधाऐं नहीं होती ! जिस घर में बेटी को लक्ष्मी समझा जाये, उस घर की चारदिवारी में बाधाऐं नहीं होती !!

**- शशि कान्त अनमोल**

## QUIZ TIME

1) 'मैं मुसलमानों का गोखले बनना चाहता हूँ ' किसने कहा था?
2) 'अल्मोड़ा अखबार' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ था?
3) भारतीय स्टेट बैंक ने किस एनबीएफसी को अपना राष्ट्रीय कॉर्पोरेट व्यापार संवाददाता चुना है?
4) सिक्किल आर.भास्करन किस वाद्य यंत्र के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार थे?
5) वर्ष 2021 के प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मोहम्मद अली जिन्ना (2) 1871 (3) पैसाबाजार (4) वायलिन (5) साइरस पूनावाला

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1499- फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर कब्जा किया। 1679- मुगलवंश के 12वें बादशाह नेकसियर का जन्म। 1683- 13 जर्मन परिवार जर्मनी के क्रेफेल्ड से फिलाडेल्फिया आए थे। इस दिन हर वर्ष जर्मन अमेरिकी दिवस मनाया जाता है। 1762- ब्रिटिश सैनिकों ने फिलीपींस के मनीला पर कब्जा किया। 1858- नाना साहेब पेशवा का निधन। 1862- भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ। 1927-डॉयलॉग और बैकग्राउंड संगीत वाली पहली फीचर फिल्म 'द जैज सिंगर' रिलीज हुई। 1946- प्रसिद्ध अभिनेता एवं राजनीतिज्ञ विनोद खन्ना का जन्म। 1957- सोवियत संघ ने नोवाया त्रेमल्या में परमाणु परीक्षण किया। 1983- पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया गया। 1987- फिजी गणराज्य घोषित हुआ। 1995- यूनेस्को ने वर्ष संयुक्त राष्ट्र सहिष्णुता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा 1994 में की। 2002- नेपाल के नरेश ज्ञानेन्द्र वीर विक्रम शाह देव ने सत्ता नहीं संभालने की घोषणा की। 2004- इजरायल सैन्य अभियान को रोकने का प्रस्ताव अमेरिका ने वीटो किया। 2007- प्रसिद्ध भारतीय वकील, नेता एवं महाराष्ट्र के आठवें मुख्यमंत्री बाबा साहेब भोसले का निधन। 2007- भारतीय विद्वान, न्यायविद और नेता लक्ष्मी मल सिंघवी का निधन। 2012- प्रसिद्ध भारतीय वकील, नेता एवं पश्चिम बंगाल के 19वें राज्यपाल बी सत्या नारायण रेड्डी का निधन। 2014- अमेरिकी अभिनेत्री मारियन सेल्डस का निधन।

## 10 साल का यूएई गोल्डन वीजा पाने वाली पहली भारतीय महिला अभिनेत्री बनीं

# उर्वशी रौतेला

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री उर्वशी रौतेला 10 साल का यूएई गोल्डन वीजा पाने वाली पहली भारतीय महिला अभिनेत्री बन गयी हैं।

| 3 | मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड क्र.46 अंतर्गत मोतीबाग के बाजू स्थित महिला मुस्लिम सामुदायिक भवन में टाईल्स, पेंट, शेड एवं अन्य संधारण कार्य। | 2.98 | 3000.00 | 750.00 | 'डी' श्रेणी एवं उससे उपर | 2 माह | प्रपत्र 'अ' | पी.डब्ल्यूडी. भवन/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01/01/2015 |
| 4 | डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड क. 64 अंतर्गत डॉक्टर लोहना हॉस्पिटल एवं राजा के घर तक पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 2.84 | 3000.00 | 750.00 | 'डी' श्रेणी एवं उससे उपर | 1 माह | प्रपत्र 'अ' | छ.ग. पी.एच.ई. एस.ओ.आर. दिनांक 01/06/2020 |

नोट :- निविदा से संबंधित दस्तावेज/जीवित पीडब्ल्यूडी लायसेंस/जीएसटी रिटर्न सर्टिफिकेट/पेन कार्ड/03 साल का इनकम टैक्स रिटर्न/03 माह का जीएसटी रिटर्न जारी होने के 03 माह पहले का/राशि रू. 100/- का शपथ पत्र (निविदा जारी होने के बाद का नोटराईजड)/ जीवित बैंक सॉल्वेंशी स्वीकार किया जावेगा। (राष्ट्रीयकृत बैंक का अमानती राशि(एफ.डी.आर. के रूप में) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से होगा।) (लिफाफा संबंधी निविदा जारीकर्ता अधिकारी के नाम से पोस्ट किया जावे।)
2. निविदा से संबंधित नियम एवं अन्य शर्तें जोन क्रमांक 04 कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है।

**घरो से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।**

कार्यपालन अभियंता
जोन क्रमांक 4
नगर पालिक निगम, रायपुर

### CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION. CO. LTD.

O/o Chief Engineer (Store & Purchase), 3rd Floor, SLDC Building, Daganiya, Raipur(C.G.)

No.02-16/SE(S&P)/TR-21/05/17/23/24/1211 Raipur, Dtd. 04.10.21

**E-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from experienced manufacturers for supply of following materials.

| Sl No. | Tender No. | Particulars | Qty (No.) | EMD (Rs.) | Due date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TR-21/S&P/23 RFx No-8100023313 | 70 KN Disc Insulator | 15000 | 1,83,000/- | 27.10.2021 (15.00 Hrs.) |
| | | 90 KN Disc Insulator | 17500 | | |
| | | 160 KN Disc Insulator | 3400 | | |
| 2 | TR-21/S&P/24 RFx No-8100023312 | Long Rod Polymer Insulators of 70 KN for 132 KV | 2805 | 1,50,000/- | 28.10.2021 (15.00 Hrs.) |
| | | Long Rod Polymer Insulators of 90 KN for 132 KV | 4045 | | |
| | | Long Rod Polymer Insulators of 70 KN for 220 KV | 385 | | |
| | | Long Rod Polymer Insulators of 160 KN for 220 KV | 440 | | |
| 3 | TR-21/S&P/05 RFx No-8100023308 | 66KV SF6 Circuit Breaker | 32 | 1,26,000/- | 27.10.2021 (15.00 Hrs.) |
| 4 | TR-21/S&P/17 Rfx No.-8100023309 | 220 KV Circuit Breaker | 11 | 1,74,000/- | 28.10.2021 (15.00 Hrs.) |

1. For all other details of NIT and terms & conditions, please visit our website 'www.cspc.co.in, 2. Cost of each Tender Form- Rs.1120/- & E-Tender form downloaded from website-Rs.1180/-

//Save Electricity// संवाद- 30101/4

Executive Director (S&P)
CSPTCL :Raipur

### चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फ़ायनांस कम्पनी लिमिटेड

Chola

कॉर्पोरेट कार्यालय: पहली मंजिल, डेयर हाउस, नं.2, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600001.
शाखा कार्यालय: दुकान नं.416, 4थी मंजिल, नेशनल कार्पोरेट पार्क,मारूति बिजनेस पार्क के सामने, जी.ई. रोड, रायपुर C.G.-492001.
चौहान एस्टेट प्लाजा, कमरा नं.05, 2री मंजिल, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़.

द सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस

[illegible]

| कर्जदार/रों और सह कर्जदार का नाम और पता | ऋण राशि | डिमांड नोटिस और बकाया राशि की तिथि | संपत्ति/सिक्योर एसेट का विवरण |
|---|---|---|---|
| ऋण खाता सं.:X0HERRH00001463124 & HE02RRH00000003272 1. प्रवीण कुमार साहू की कानूनी वारिस नमिता साहू हाउस नं.36/66, दंतेश्वरी मंदिर, एसई प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर-492001. 2. [illegible] दुकान नं.317, तीसरी मंजिल, [illegible], रायपुर-492001. | रु.27,50,000/- और रु.4,00,000/- कुल रु.31,50,000/- | 06.09.2021 और रु.23,42,470.50 और रु.4,03,280/- कुल रु.27,45,750.50 06.09.2021 तक उस पर और ब्याज के साथ। | [illegible] |
| ऋण खाता सं.:X0HERDN00001826806, X0HERDN00002510771 and HE02RDN00000003608 1. पवन कुमार सिन्हा वार्ड नं.18, पेंड्री राजनांदगांव, राजनांदगांव-491441. 2. [illegible] सिन्हा पवन होटल मिल, गली नं.01 वार्ड नं.20, पेट्रोल पंप के पास, राजनांदगांव-491441. 3. महावीर ट्रेडर्स एंड साइकिल स्टोर्स जय स्तंभ चौक राजनांदगांव, राजनांदगांव-491441. 4. हेमेंद्र कुमार सिन्हा 5. कौशल्या सिन्हा दोनों का निवास - पवन होटल मिल, गली नं.01 वार्ड नं.20, पेट्रोल पंप के पास, राजनांदगांव-491441. 6. विजय ट्रेडर्स जय स्तंभ चौक राजनांदगांव, राजनांदगांव-491441. | रु. 1,78,00,000/- रु. 35,00,000/- और रु.38,10,000/- कुल रु. 2,51,10,000/- | 06.09.2021 और रु.1,68,80,091.36 रु.31,68,116.08 और रु.40,47,182/- कुल रु.2,40,95,389.44 06.09.2021 तक उस पर और ब्याज के साथ। | [illegible] |

दिनांक: 06.10.2021
स्थान: छत्तीसगढ़

अधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनांस कम्पनी लिमिटेड

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-2971574
Email ID-eocghbzone05@gmail.com

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी सेजबहार फेस-1 जिला-रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-799, श्रीमती मिथिलेश दास पति श्री आशीष कुमार दास के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रं. 97 दिनांक 28.09.2013 के माध्यम से नामांतरित है। वर्तमान में द्वितीय आबंटी श्रीमती मिथिलेश दास पति श्री आशीष कुमार दास, निवासी-सीमानगर, रविग्राम गली नं. 7, तेलीबांधा, रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती गिरिजा साहू पति श्री संत कुमार साहू, पता- वार्ड क्रं. 05, विशेषर चौक, पो. पेण्ड्रा, गांव भसेरा फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद, राजिम (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता श्रीमती गिरिजा साहू पति श्री संत कुमार साहू, पता- वार्ड क्रं. 05, विशेषर चौक पो. पेण्ड्रा गांव भसेरा फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद, राजिम (छ.ग.) के नाम पर विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है। अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04 सेजबहार,
रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-2971574
Email ID-eocghbzone05@gmail.com

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सेजबहार, रायपुर में निर्मित एलआईजी-550, श्री विजय गोयल पिता श्री अशोक कुमार गोयल निवासी-श्रीनगर गुढयारी, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन का फ्री-होल्ड किये जाने में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04 सेजबहार,
रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर
कामर्शियल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
PhoneNo. 9685585693 Email ID-cmzoneii@yahoo.com GST No. 22AAECA9783D2ZP

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन क्र. 980, श्री भोजराम कपूर पिता स्व. श्री राम कुमार कपूर को ऑफर/ स्ववित्तिय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 30.11.2015 को अपने नाम पर सेलडीड/ लीजडीड पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त भवन को वर्तमान में श्रीमती बंसती साहू पति श्री विनोद साहू पताः ब्रम्हदेव पारा लीला चौक, कचना तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03
सड्डू, रायपुर

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-2971574
Email ID-eocghbzone05@gmail.com

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा अटल आवास योजनांतर्गत गातापार, रायपुर में निर्मित भवन क्रं. 230, कु. नम्रता तिर्की पिता श्री दाऊद तिर्की पता-C/o इंजीलिना तिर्की, सेक्टर-02, ब्लॉक-07, म.नं.-59 काशीराम नगर कालोनी, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का फ्री-होल्ड किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-04 सेजबहार,
रायपुर (छ.ग.)

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**विद्युत आपूर्ति का प्रावधान हेतु निविदा सूचना**

1) निविदा सूचना संख्या: ई-आर-टी-42-21-22 दिनांक : 01.10.2021

कार्य का नाम: रायपुर मंडल के कोचिंग डिपो दुर्ग में वाशिंग सिक लाईन में एचओजी कोचो के अनुरक्षण हेतु 750 वोल्ट विद्युत आपूर्ति का प्रावधान। निविदा मूल्य: ₹ 25,08,312/-

2) निविदा सूचना संख्या: ई-आर-टी-43-21-22 दिनांक : 01.10.2021

कार्य का नाम: एलसी नंबर आरवी-03, आरवी-10, आरवी- 12, आरवी- 14, आरवी-17, आरवी-20, डीडी-05, डीडी-08, डीडी-19, डीडी-24, डीडी-27, डीडी-39, डीडी-48, (13 नंबर) ऊंचाई गेज का प्रावधान, रायपुर मंडल पर । निविदा मूल्य: ₹ 1,81,99,205/-, निविदा प्रस्तुत करना: 11.00 बजे तक दिनांक 28.10.2021, निविदा खोलना: 11.00 बजे दिनांक 28.10.2021.

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय)/ एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें । वरि. मंडल अभियंता/लाईन-II

पीआर/आर/इंजी./[illegible]/77 द.पू.म.रे., रायपुर

South East Central Railway @secrail

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

## न्यूज गैलरी

### गायत्री शक्ति पीठ में गोष्ठी सम्पन्न

**भाटापारा/नवप्रदेश।** गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को जनसंपर्क टोली शांति कुंज द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शांति कुंज प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी सुखदेव निर्मलकर द्वारा परम पूज्य गुरुदेव का संदेश सुनाया गया, उन्होंने कहा कि वर्तमान समय युग परिवर्तन का है। आने वाली पीढ़ी के संतानों को देवी-देवता बनाना होगा। इसके लिए गायत्री उपासना एवं बलिवैश्य यज्ञ को प्रत्येक के लिए अनिवार्य बताया। घर-घर गायत्री यज्ञ एवं गायत्री उपासना जरूरी है। इस गोष्ठी में शांतिकुंज से सुखदेव निर्मलकर के साथ दाऊ लाल वर्मा, अमरलाल नाग, बलौदा बाजार से कौशल साहू, धीरेंद्र वर्मा, गायत्री शक्तिपीठ भाटापारा से प्रबंध ट्रस्टी सतीश अग्रवाल, वीणा साहू, रजनी पटेल, आशा चौधरी, माधुरी सोनी, रघुनाथ पटेल, सुधाराम ध्रुव, दिलीप ध्रुव तथा भाटापारा गायत्री शक्ति पीठ के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधायक पुत्र ने दृष्टिहीन छात्र की मदद

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिलें के ग्राम उमरिया निवासी जीवन लाल साहू जो कि कक्षा 12 के छात्र है, दृष्टिहीन होने के कारण बिना मोबाइल फोन के उन्हें अपनी पढ़ाई करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बेमेतरा विधायक कार्यालय में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के सुपुत्र गुणत छाबड़ा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जीवन लाल को मोबाइल फोन भेंट कर आगे की पढ़ाई हेतु शुभकामनाएं दी।

### कलेक्टर घेराव में शामिल हुए कांग्रेसजन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** लखमीपुर में प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के विरुद्ध में प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ बलौदाबाजार भाटापारा कलेक्टर को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलुजा, मनोज जैन, डॉ बसन्त भृगु, कमल ठाकुर, प्रमेन्द्र तिवारी, रेवाचन्द, परप्यानी, शरीफ खान, विक्की ठाकुर, शेलेन्द्र अहिरवार, दसरथ साहू सहित भारी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

### कोरोना योद्धाओं का महाविद्यालय में हुआ सम्मान

**भाटापारा/नवप्रदेश।** कोरोना रोकथाम एवं जन जागरूकता अभियान रोको अउ टोको की शुरुआत जिलें में की गई। यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स के संयुक्त तत्वाधान में जिला प्रशासन के सहयोग से इस अभियान की शुरुआत बलौदाबाजार जिले के संमन्वय एवं नेतृत्व एमसीसीआर के वरिष्ठ सदस्य अरूण छाबड़ा (बंटी) के द्वारा की गयी है। तीन महीने के लंबे अभियान के दौरान यह प्रचार वाहन जिलें के बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल, बिलाईगढ़ विकासखण्ड मुख्यालय सहित अन्य नगरो में गए थे। मंगलवार को गजानंद महाविद्यालय में कोरोना योद्धाओं का संम्मान का किया जिसमें एनएसएस के छात्रों एवं सामजिक संस्था को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र भेंट कर संमानित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या निशा शर्मा एवं उनके सहयोगी का पूर्ण सहयोग रहा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को मोहरा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि एक लड़की ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी खिलेश वर्मा पिता शत्रु वर्मा 25 साल निवासी शिकारीटोला थाना ठेलकाडीह पीड़िता को पत्नी बनाने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध स्थापित किया जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता द्वारा आरोपी को शादी करने कहा तो आरोपी शादी करने से साफ इंकार कर दिया। थाने में अपराध दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया था। पुलिस इसकी तलाश कर रही थी। इस बीच आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

### कोविड 19 को लेकर संशोधित आदेश जारी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कोविड-19 प्रकरणों की वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन जारी किया है। जिले में कोविड संक्रमण की रोकथाम हेतु एपिडेमिक एक्ट 1987 यथासंशोधित 2020 के अधीन प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये थे। जिले में कोविड-19 प्रकरणों की वर्तमान स्थिति को दृष्गित रखते हुए में आंशिक संशोधन कर अंत्योष्टि, दशगात्र इत्यादि मृत्यु संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 50 एवं विवाह, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक तथा अन्य कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 150 निर्धारित की जाती है। आदेश की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

### अवैध शराब पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा महुआ शराब, जुआ सट्टा व अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चला कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में डोंगरगढ़ टीआई शिव चन्द्रा द्वारा 3 अक्टूबर एवं 4 अक्टूबर को आबकारी एक्ट के 2 प्रकरण पर कार्यवाही की गयी। आरोपी फिरोज निर्मल पिता मुराली निर्मलकर 30 साल निवासी वार्ड नंबर 5 डोंगरगढ़ के कब्जे से 35 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब व देशी प्लेन शराब जब्त किया गया। वहीं लता देवी पति बिदू मनोज 34 साल निवासी सुमेसर नैनीताल थाना जिला रानीखेत उत्तरांचल के कब्जे से 40 पौवा संत्री महाराष्ट्र निर्मत शराब जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# कवर्धा लाठीचार्ज के विरोध के युवा मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**मामले की न्यायिक जांच की मांग**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** रविवार को कवर्धा में उपद्रवियों द्वारा हिन्दू युवक के साथ दुर्व्यवहार एवं मारपीट के विरोध और मामले की उचित न्यायिक जांच के मांग को लेकर सोमवार शाम को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बेमेतरा के द्वारा पुराना बस स्टैंड में विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान राज्य शासन की कानून व्यवस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला महामंत्री विकास धर दीवान, भाजयूमो जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा एवं प्रदेश कन्या संयोजिका निशा चौबे सहित नेतागण उपस्थित रहे।

पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कवर्धा की घटना निंदा करते हुए कहा की उपद्रवियों के द्वारा हिन्दू युवक के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार किया गया है, जिसका भाजपा विरोध करती है। वहीं पुलिस प्रशासन उपद्रवियों को रोकने के बजाय सैकड़ो हिन्दू भाइयों पर लाठीचार्ज करने लगी, यह दृश्य दिखलाता है कि किस प्रकार कांग्रेस की राज्य सरकार उपद्रवियों को बचाने के लिए कानूनी व्यवस्था का उपयोग कर रही है। आज पुलिस इस तरह से सरकार के अधीन हो गई है कि मामले को न्यायिक जांच के लिए भी ना नुकुर कर रही है। भारतीय जनता पार्टी मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग करती है अन्यथा वृहद आन्दोलन किया जाएगा।

महामंत्री दीवान ने कहा कि धर्मांतरण के कारण प्रदेश में विस्फोटक हालात हैं। क़ानून व्यवस्था के हालात बदतर हैं, मगर उपद्रवियों का साथ देने राज्य सरकार लगी है। व्यवस्था सुधारने छोड़ छत्तीसगढ़ सीएम दूसरे राज्य के चुनाव के चिंता में लगे हैं। कवर्धा में पक्षपातपूर्ण ढंग से प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है जिसका हम सब विरोध करते हैं ऐसे सांप्रदायिक दंगों और विवाद को लेकर प्रशासन द्वारा सामंजस्य बैठाकर सभी पहलुओं को ध्यान में देते हुए कार्रवाई करना चाहिए परंतु यहां पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि कवर्धा के लोहारा नाका चौक पर अपने अपने समुदाय के झंडा लगाने के नाम पर दो पक्षों के बीच विवाद इतना गहरा गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट और पथराव की स्थिति निर्मित हो गई। जिससे दोनों पक्षों के लोगों को चोटें भी आई है। इस स्थिति को संभालने के लिए तत्काल पुलिस मौके पर रवाना हुई और देखते ही देखते यह पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

भाजयुमो के प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, नवागढ़ अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, मिन्टू बिसेन, हर्षवर्धन तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, तारण राजपूत उपाध्यक्ष, महामंत्री योगेश वर्मा, मंत्री धर्मराज खंडे, कार्यालय मंत्री संदीप यादव, सोशल मीडिया प्रभारी निखिल साहू, मंडल अध्यक्ष विवेक दीवान, नवागढ़ मंडल अध्यक्ष सुरेश निषाद, मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र साहू, तुषार ठाकुर, साहित्य ठाकुर, राममिलन पटेल, संतोष वर्मा, विकास तंबोलि, शिव साहू सहित भारी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दफ्तर से गायब रहने वाले इंजीनियर एसडीओ पर कार्रवाई की मांग सीएम व कलेक्टर से की गई

**देवभोग/नवप्रदेश।** मुख्यालय से नदारद रहने वाले लापरवाह इंजीनियर और एसडीओ पर लगाम लगाने को लेकर सोशल मीडिया पर मुहिम छीड़ गई है। इस मामले को लेकर नवप्रदेश ने बीते दिनों प्रमुखता से प्रकाशित की थी। नवप्रदेश के अखबार कतरन को ट्विटर पर अपलोड करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत और कलेक्टर निलेश क्षीरसागर को टैग कर कार्यवाही की मांग की गई है।

गौरतलब हो कि नवप्रदेश द्वारा बीते दिनों पीडब्ल्यूडी विभाग इंजीनियर प्रदीप कुमार साहू एवं एसडीओ प्रबुद्ध गुप्ता मुख्यालय से नदारद रहने को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया। अब जागरूक लोगों ने सोशल मीडिया में कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। दरअसल, पीडब्ल्यूडी विभाग कार्यपालन अभियंता का इन अधिकारियों पर पूरा संरक्षण होने का आरोप लगाया जाता है।

तभी इंजीनियर व एसडीओ को अपने बीच अधिकांश नदारद देखने के बाद भी हेड क्वार्टर पर रहने निर्देश नहीं दिया जाता। आमजन से सीधे जुड़े हुए कार्यो में इन अफसरों की अहम भूमिका होती है। निर्माणाधीन सड़कों पर उपस्थित होकर निगरानी करने के साथ ही गुणवत्तापूर्वक काम करने की जवाबदेही होती है। बावजूद इसके अधिकारी मुख्यालय पर नहीं होते सिर्फ कलेक्टर, मंत्री दौरा कार्यक्रम के दौरान ही इन अफसरों को देखने को मिलता है। बाकी दिनों ढूंढने से भी नहीं मिलते।

ऐसे में ब्लॉक में पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यो का क्रियान्वयन का अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि कागज पर मरम्मत कार्य की प्रगति अच्छी खासी बताते हैं। लेकिन मरम्मत कार्य कछुए की चाल पर होता है। जिसके लिए इंजीनियर और एसडीओ की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहराया जाता है। इसलिए कार्यवाही की मांग भी जोरों शोरों पर इनके खिलाफ हो रही है।

## तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा बेमेतरा विस

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू के आशीर्वाद से बेमेतरा विधानसभा के गांव-गांव तक सड़क संपर्क को मजबूत और आवागमन को सुगम बनाने सड़क और पुलों के कामों में तेजी आई है। इसके साथ ही प्रदेश के पहुंच विहीन सभी शासकीय भवनों स्कूल, कालेज, आंगनबाड़ी, अस्पताल, धान संग्रहण केंद्र, सार्वजनिक उपयोग के हाट बाजार, मेला स्थलों आदि को पक्के मार्ग से मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सीएम द्वारा मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के अंतर्गत बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 10 कार्यों हेतु 1 करोड़ 99 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी एवं हाई स्कूल भवन बैजलपुर पहुंच मार्ग 20 लाख, मुख्य मार्ग से बस्ती आंगनबाड़ी भवन जिया पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 19.99 लाख, सल्धा-हडगांव मुख्य मार्ग 20 लाख, बेरला-लेजवरा मुख्य मार्ग 20.20 लाख, मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी केंद्र भवन कुसमी 20.20 लाख, मुख्य मार्ग से नवागांव (भाठासोरही) बस्ती पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख, मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला एवं सोसाइटी भवन आंदू पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख, मुख्य मार्ग से प्राथमिक शाला भवन डगनिया (ब) पहुंच मार्ग सह नाली निर्माण कार्य 19.98 लाख, आंनदगांव-खुडमुड़ा-भिभौरी मार्ग से प्रा. शाला/सांस्कृतिक मंच आंनदगांव पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 19.98 लाख, भरचट्टी मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी भवन भरचट्टी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख रुपए विधायक ने पहुंच मार्गो की स्वीकृति मिलने पर सीएम व पीडब्ल्यूडी मंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त की।

### आरपीएफ ने 2 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**भाटापारा।** आरपीएफ भाटापारा ने फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक केपीएस गुर्जर ने बताया कि फरार वारंटी श्याम ठाकुर पिता चंद्रभान सिंह 54 साल निवासी सिलयारी थाना धरसींवा और अनिल नारंगे पिता सुकालू राम 30 साल निवासी धोन्दा थाना भाटापारा को मुखबिर की सूचना पर सिलयारी एवं धोन्दा से दोनों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। दोनों वारंटी लम्बे समय से फरार चल रहे थे।

## न्यायालय परिसर से निकाली गई प्रभात फेरी, जज ने दिखाई हरी झंडी

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 2 अक्टूबर से 14 नवम्बर 2021 तक 'पेन इंडिया लीगल अवेयरनेस आउटरिच' अभियान के तहत विशेष जागरूकता अभियान एवं 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव से प्रभात फेरी निकाली गई।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कश्यप ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मोबाईल वैन को ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचल क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया। रैली में जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीश, अधिवक्ता, पुलिस लाईन के आरक्षक, एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री के विद्यार्थी, विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं पैरालीगल वालिंटियर्स शामिल थे। रैली जिला न्यायालय परिसर राजनांदगांव से प्रारंभ होकर लालबाग चौक, तुलसीपुर चौक से ममता नगर रोड, भदौरिया चौक होते हुए जिला न्यायालय परिसर में समाप्त की गई।

### सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में श्राद्ध, तर्पण एवं पिंड़ दान संपन्न

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** ज्योतिष एवं द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज एवं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से ब्रह्मचारी ज्योर्तिमयानंदः महाराज के सानिध्य में सपाद लक्षेश्वर धाम शिवगंगा आश्रम सलधा में कुंवार कृष्ण चतुर्दशी /पित्र पक्ष/मंगलवार 5 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से कोरोना काल एवं अल्प मृत्यु में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति हेतु एवं उनकी मुक्ति के लिए तर्पण श्राद्ध, पिंड दान विधि विधान से आचार्य नरेन्द्र पाण्डेय रवि शास्त्री के द्वारा कराया गया। शिवगंगा आश्रम में श्राद्ध के पश्चात ब्राह्मण भोजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्राह्मणों को भोजन कराया गया एवं दान दक्षिणा किया गया।

इस अवसर पर लेखमणी पाण्डेय, किशोर शर्मा, धनेश्वर पाण्डेय, अखिलेश मिश्रा, आशिष पाण्डेय, राजा पाण्डेय, महेंद्र चौहान, भुवाल सिंह, अंगद साहू, उत्तम वर्मा, शिशुपाल वर्मा, दिनेश उइके, नानूक पटेल के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## महापौर ने की अमृत मिशन कार्यों की समीक्षा

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** महापौर हेमा देशमुख ने बैठक लेकर अमृत मिशन योजनांतर्गत चल रहे टंकी निर्माण, पाईप लाईन विस्तार, इंटर कनेक्शन आदि कार्यो के प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं कार्य में हो रहे विलंब पर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिये। साथ ही निगम सीमा क्षेत्र में स्थित उद्यानों में अव्यवस्था पर नराजगी व्यक्त करते हुए तकनीकि अधिकारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

बैठक में महापौर ने कहा कि शहर में पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, उसमें विलंब हो रहा है और कई स्थानों पर पाईप लाईन डालने के पश्चात फीलिंग नहीं किया जा रहा है एवं मलमा नहीं उठाया जा रहा है जिससे लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में प्रतिदिन शिकायत मिल रही है। जिसे ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित कार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि लखोली सेठी नगर में पानी कम आने शिकायत प्राप्त हो रही है। शिकायत का निराकरण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके को निर्देश दिये। उन्होंने इंटर कनेक्शन कार्य में तेजी लाकर शेष टंकी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। आगामी नवरात्रि, दशहरा व दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पाईप लाईन विस्तार व इंटर कनेक्शन कार्य में तेजी लावे एवं नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये व्यवस्थित कार्य करने कहा। साथ ही उन्होंने एफएसटीपी कार्य के प्रगति की जानकारी ली।

अमृत मिशन डीटीएल पीडीएमसी के विकास मेगी ने कहा कि 15-20 किलो मीटर पाईप लाईन विस्तार कार्य शेष है तथा शेष पानी टंकी निर्माण कार्य दो माह में पूर्ण हो जायेगा। निर्धारित समयावधि तीन माह में कार्य पूर्ण करने ठेकेदार को महापौर ने निर्देशित किया है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**

निविदा क्र. 64 से 79/ ले.शा./ का. अ./ लो.स्वा.यां. खण्ड/ 2021 — बालोद, दिनांकः 30-09-2021

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिये कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई-रजिस्ट्रेशन की सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।
**कार्य का विवरण** - बालोद जिले के वि.खं. गुरूर एवं गुण्डरदेही के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग एवं एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना का कार्य।

| स. क्र. | नि.सू.क्रं. | सिस्टम नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 64/Dt. 30-09-2021 | 84505 | वि.खं. गुरूर के ग्राम भरदा में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 66.59 लाख |
| 2 | 65/Dt. 30-09-2021 | 84506 | वि.खं. गुरूर के ग्राम कोसागोंदी में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु.81.40 लाख |
| 3 | 66/Dt. 30-09-2021 | 84507 | वि.खं. गुरूर के ग्राम बालोदगहन में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 65.24 लाख |
| 4 | 67/Dt. 30-09-2021 | 84508 | वि.खं. गुरूर के ग्राम बोरतरा में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 49.41 लाख |
| 5 | 68/Dt. 30-09-2021 | 84509 | वि.खं. गुरूर के ग्राम भानपुरी में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 35.39 लाख |
| 6 | 69/Dt. 30-09-2021 | 84510 | वि.खं. गुरूर के ग्राम भिरई में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 36.38 लाख |
| 7 | 70/Dt. 30-09-2021 | 84511 | वि.खं. गुरूर के ग्राम खुन्दनी में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 38.01 लाख |
| 8 | 71/Dt. 30-09-2021 | 84512 | वि.खं. गुरूर के ग्राम गंगोरीपार में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 49.40 लाख |
| 9 | 72/Dt. 30-09-2021 | 84513 | वि.खं. गुरूर के ग्राम तार्री में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। (द्वितीय निविदा आमंत्रण) | रु. 32.53 लाख |
| 10 | 73/Dt. 30-09-2021 | 84514 | वि.खं. गुण्डरदेही के ग्राम बोदल में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 44.20 लाख |
| 11 | 74/Dt. 30-09-2021 | 84515 | वि.खं. गुण्डरदेही के ग्राम पेण्डरी में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 48.37 लाख |
| 12 | 75/Dt. 30-09-2021 | 84516 | वि.खं. गुण्डरदेही के ग्राम कोंगनी में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 38.68 लाख |
| 13 | 76/Dt. 30-09-2021 | 84517 | वि.खं. गुण्डरदेही के ग्राम खपरी-ब में रेट्रोफिट नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 43.47 लाख |
| 14 | 77/Dt. 30-09-2021 | 84518 | वि.खं. गुरूर के ग्राम बासीन में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु. 73.28 लाख |
| 15 | 78/Dt. 30-09-2021 | 84519 | वि.खं. गुरूर के ग्राम टेंगनाबरपारा में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु.112.72 लाख |
| 16 | 79/Dt. 30-09-2021 | 84520 | वि.खं. गुरूर के ग्राम जेवरतला में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना का कार्य। | रु.89.92 लाख |

1. बिड सबमिशन प्रारंभ की तिथि- 08/10/2021
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि- 20/10/2021

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्ताजेव व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 08-10-2021 से एवं एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखें जा सकते हैं।

जी- 64211/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद
जिला-बालोद (छ.ग.)



**सं 17 (15)/2021-पी.एल./एन.जी.टी.**
**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
इंदिरा पर्यावरण भवन, तल-III जल विंग, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-03

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन. जी. टी.) के न्यायिक सदस्यों के पांच (5) रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

योग्यता, पदावधि, आयु सीमा, सेवा की शर्तें इत्यादि मंत्रालय की वेबसाइट www.moef.gov.in पर उपलब्ध हैं।

आवेदन-पत्र सहित विज्ञापन की जानकारी मंत्रालय को उपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है।

मंत्रालय में आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 25.10.2021 है।

DAVP-13101/11/0012/2122



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1130/न.पा.परि./2021-22 — बीजापुर दिनांक 04/10/2021

**।। मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद् बीजापुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा दरे पंजीकृत डाक द्वारा सक्षम श्रेणी अधिकृत विक्रेता/ठेकेदारों/फर्मों व अन्य से निविदा आमंत्रित की जाती है :-
1 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय- 23/10/2021 शाम 5.00 बजे तक
2 निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय- 26/10/2021, अपरान्ह 3.00 बजे तक
3 निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय - 26/10/2021, शाम 4.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | बीजापुर नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न सड़कों में रोड मार्किंग कार्य | 49.75 | 37,500/- |
| 02 | सी.सी. सड़क निर्माण कार्य वार्ड क्र. 08 बीजापुर | 10.22 | 7700/- |
| 03 | आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य वार्ड क्र. 08 बीजापुर | 11.83 | 8900/- |
| 04 | नया बस स्टैण्ड बीजापुर में मरम्मत कार्य प्राक्कलन-01 (भाग-01) | 1.85 | 2000/- |
| 05 | नया बस स्टैण्ड बीजापुर में मरम्मत कार्य प्राक्कलन भाग-02 (भाग-01) | 4.00 | 4000/- |
| 07 | सामाग्री/उपकरण क्रय कार्य | 6.00 | 4500/- |

**नोट :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद् बीजापुर से प्राप्त की जा सकती है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें। नगर पालिका करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बीजापुर
जिला-बीजापुर (छ.ग.)



**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दक्षिण कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ/जलाऊ काष्ठ का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती हैं।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| दक्षिण कोंडागांव | कोंडागांव काष्ठागार | 08/10/2021, प्रातः 9:00 बजे से |

| प्रजाति | नयावनोपज ई.काष्ठ (घ.मी.) | नयावनोपज बल्ली/डेंगरी (नग में) | | अविक्रितवनोपज ई.काष्ठ (घ.मी.) | अविक्रितवनोपज बल्ली/डेंगरी (नग में) | | योग ई.काष्ठ (घ.मी.) | योग बल्ली/डेंगरी (नग में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सागौन | 18.792 | 1 | 4 | 1.657 | 10 | 1 | 20.449 | 11 | 5 |
| साल | 1931.920 | 1269 | 726 | 5592.781 | 4236 | 5279 | 7524.701 | 5505 | 6005 |
| बीजा | 61.903 | 14 | 32 | 299.505 | 56 | 410 | 361.408 | 70 | 442 |
| साजा | 22.443 | 52 | 41 | 103.221 | 212 | 91 | 125.664 | 264 | 132 |
| हल्दू | 7.106 | 1 | 6 | 6.187 | 0 | 5 | 13.293 | 1 | 11 |
| शीशम | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| नीलगिरी | 5.471 | 0 | 0 | 81.312 | 9482 | 5871 | 86.783 | 9482 | 5871 |
| अन्य | 52.915 | 46 | 50 | 137.559 | 749 | 151 | 190.474 | 795 | 201 |
| जलाऊ | 2 | Fuel Stack Misc.=218 | | Fuel Stack Sal 95+Misc.=1181 | | | Fuel Stack Misc.=1399 | | |
| औद्यो.बांस | | | | 1 mtr.=48000. Nog,20.000 No. Ton | | | 1 mtr.=48000. Nog,20.000 No. Ton | | |
| योग | 2100.55 | 1383 | 859 | 6222.222 | 14745 | 11808 | 8322.772 | 16128 | 12667 |

जिला यूनियन दक्षिण कोण्डागांव के गिरिराज कोल्ड स्टोर, कोण्डागांव में भण्डारित वनोपज का घोष विक्रय द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि घोष विक्रय में भाग लेवे। घोष विक्रय के शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. | अविक्रित वनोपज का नाम | संग्रहण वर्ष | वनोपज की मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | इमली ब्रिक्स | 2019 | 34.08 (क्वि. में) |

**दूरभाष क्रमांक-दक्षिण कोंडागांव वनमंडल (07786-242303)**

(1) प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लॉट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10 प्रतिशत के बराबर राशि या 1,000/- रुपये इसमें जो भी अधिक हो, जमा करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व वर्ष 2020 का पंजीयन प्रमाण पत्र जीएसटी प्रमाण पत्र एवं आयकर पेन कार्ड की छायाप्रति ई.एम.डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है।
(3) विनिर्माता/ उपभोक्ता/ व्यापारी लायसेंस, जीएसटी कर एवं आयकर पेन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्कआर्डर जारी किया जावेगा।
(4) नीलाम में क्रय किये गये लॉटों का विक्रय मूल्य सहित विवरण ई.एम.डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा।
(5) जीएसटी की राशि का भुगतान पृथक से ''दक्षिण कोण्डागांव वनमंडल कोण्डागांव'' के नाम से बैंक ड्राफ्ट जो कोंडागांव में देय हो, तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।
(6) कोरोना संक्रमण को देखते हुए सभी निविदाकार को मास्क लगाना अनिवार्य है।
(7) कोरोना संक्रमण के कारण सोसल डिस्टेंस/फिजिकल डिस्टेंस को बनाये रखने के उद्देश्य से केवल निविदाकार ही नीलाम हाल में उपथित रहेंगे।

जी-64187/4

वनमंडलाधिकारी
दक्षिण कोंडागांव वनमंडल
कोंडागांव

# देश के पर्यटन नक्शे में नयी संभावनाओं के साथ उभरकर सामने आएंगे सरगुजा संभाग के सीतामढ़ी-हरचौका और रामगढ़

## 7 अक्टूबर को राम वन गमन परिपथ के उद्घाटन से पर्यटकों को मिलेगी नयी सौगात

- **सीता की रसोई, राम-लक्ष्मण की गुफाएं और कालीदास की रचना-स्थली और विश्व की प्राचीन नाट्य-शाला को जान सकेगी दुनिया**

**रायपुर (नवप्रदेश)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन पर्यटन परिपथ विकास के तहत पहले चरण में जिन 9 स्थलों का चयन कर उन्हें पर्यटन तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है, उनमें से सरगुजा संभाग के भी दो स्थल शामिल हैं। इनमें से एक है कोरिया जिले में स्थित सीमामढ़ी हर चौका, और दूसरा है सरगुजा जिले में स्थित रामगढ़। 07 अक्टूबर को जब चंदखुरी में राम गमन पर्यटन परिपथ का शुभारंभ होगा तब देश के पर्यटन नक्शे में भगवान श्री राम के वनवास काल से जुड़े ये दोनों महत्वपूर्ण स्थल भी नयी संभावनाओं के साथ उभरकर सामने आएंगे। चंदखुरी में इस परियोजना के शुभारंभ के लिए नवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय समारोह आयोजित करने की भव्य तैयारी की जा रही है।

राम वन गमन पर्यटन परिपथ में रायपुर के निकट स्थित चंदखुरी के प्राचीन माता कौशल्या मंदिर परिसर के विकास और सौंदर्यीकरण का एक चरण पूरा हो चुका है। 07 अक्टूबर को यहां विकसित नयी पर्यटन सुविधाओं के लोकार्पण के साथ-साथ पूरे राम वन गमन पर्यटन परिपथ का भी शुभारंभ किया जाना है। कोरोना-काल में बाधित हुई पर्यटन गतिविधियों के बाद यह नया परिपथ घरेलू पर्यटन में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए एक बड़ा उपहार होगा।

वनवास के दौरान भगवान राम ने कोरिया जिले से ही छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया था। भरतपुर तहसील के जनकपुर में स्थित सीतामढ़ी-हरचौका को उनका पहला पड़ाव माना जाता है। मवाई नदी के किनारे स्थित सीतामढ़ी-हरचौका की गुफा में 17 कक्ष हैं। इसे सीता की रसोई के नाम से भी जाना जाता है। वहां एक शिलाखंड है जिसे लोग भगवान राम का पद-चिन्ह मानते हैं। मवाई नदी तट पर स्थित गुफा को काट कर 17 कक्ष बनाए गए हैं, जिनमें शिवलिंग स्थापित हैं। इसी स्थान को हरचौका (रसोई) के नाम से जाना जाता है। भगवान राम हरचौका से रापा नदी के तट पर स्थित सीतामढ़ी-घाघरा पहुंचे थे। यहां करीब 20 फीट ऊपर 4 कक्षों वाली गुफा है, जिसके बीच में शिवलिंग स्थापित है। आगे की यात्रा में वे घाघरा से निकलकर कोटाडोला होते हुए सरगुजा जिले की रामगढ़ पहाड़ी पहुंचे थे।

सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर से 50 किलोमीटर दूर स्थित रामगढ़ एक ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक महत्व का स्थल है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई लगभग 3 हजार 202 फीट है। इस स्थान को महाकवि कालिदास की अनुपम रचना ''मेघदूतम'' की रचना स्थली माना जाता है। विश्व की सर्वाधिक प्राचीनतम् शैल नाट्यशाला के रूप में भी यह विख्यात है। ''सीताबेंगरा'' और ''जोगीमारा'' की गुफाएं तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मौर्यकाल के समय की मानी जाती हैं। जोगीमारा गुफा में मौर्य कालीन ब्राह्मी लिपि में अभिलेख तथा सीताबेंगरा गुफा में गुप्तकालीन ब्राह्मी लिपि में अभिलेख के प्रमाण मिलते है। जोगीमारा गुफा की एक और विशेषता है कि यहां भारतीय भित्ति चित्रों के सबसे प्राचीन नमूने अंकित हैं।

पुरातात्विक दस्तावेजों के रूप में मूर्तियों, शिलालेखों एवं ताम्रपत्रों का बड़ा महत्व माना जाता है। रामगढ़ में ऐसे महत्व की वस्तुएं उपलब्ध है। जोगीमारा गुफा में लगभग 8 मूर्तियां संग्रहित हैं। यह मूर्तियां लगभग 2 हजार वर्ष पुरानी हैं। रामगढ़ पहाड़ी के ऊर्ध्व भाग में दो शिलालेख मौजूद हैं। प्रस्तर पर नुकीली छेनी से काटकर लिखे गए इस लेख की लिपि पाली और कुछ-कुछ खरोष्ठी से मिलती जुलती है। लिपि विशेषज्ञों ने इसे एक मत से पाली लिपि माना है।

# युवाओं के लिए नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण आयोजित किए जाएं : उइके

- **राज्यपाल से जेसीआई के प्रतिनिधिमण्डल ने की मुलाकात**

**रायपुर (नवप्रदेश)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से राजभवन में जूनियर चेम्बर इंटरनेशनल की राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। राज्यपाल ने जेसीआई द्वारा पूरे देश में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि युवा ही हमारे देश का भविष्य हैं और उन्हें व्यक्तित्व विकास एवं अन्य विषयों पर प्रशिक्षण देकर संस्था द्वारा देशहित में अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए नेतृत्व क्षमता विकास प्रशिक्षण चलाएं, जिससे हमारे युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भागीदारी करें। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं को उनकी रूचि का पाठ्यक्रम मिल सके, इसलिए सभी विश्वविद्यालयों में कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने विचार सुसंगत तरीके से रखने एवं संवैधानिक विषयों आदि की जानकारी, अधिकारों की जानकारी भी प्रशिक्षण के जरिए दिये जाने की आवश्यकता है।

जेसीआई की राष्ट्रीय जैन ने राज्यपाल द्वारा संस्था को लगातार प्रोत्साहन दिये जाने पर उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि आपके सर्वोच्च पद तक पहुंचने से हम सबको विशेषकर महिलाओं को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि संस्था 125 देशों में कार्य कर रही है। वर्तमान में पूरे देश में 55 हजार से अधिक सदस्य हैं। यह संस्था व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, रक्तदान शिविर भी आयोजित करती है। प्रतिनिधिमण्डल में जेसीआई इंडिया के सिनेटर बोर्ड के डायरेक्टर राजेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष योगिता जायसवाल, राजेश सराफ, अमिताभ दुबे समेत अन्य उपस्थित थे।